



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

आवश्यकता है

मीडिया हाउस

में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई


संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 15 अंक - 18 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# कार्यकर्ताओं को शाह की नसीहत,- 'रूठे फुफाओं' को मनाने की बजाए जमीन पर काम करें.....

श्रीकंचनपथ न्यूज डेस्क

**भिलाई। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश में चुनावी बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को एक नया संदेश देने की कोशिश की है। यह संदेश उन सभी राज्यों के लिए भी हैं, जहां आने वाले दिनों में वोटिंग होनी है। शाह ने कहा है कि 'रूठे फुफाओं' को मनाने की बजाए कार्यकर्ता जमीन पर उतरकर काम करें और लक्ष्य पर फोकस रहें। उन्हें (रूठे फुफाओं) मनाने की जरूरत नहीं है। वे खुद ब खुद पार्टी का प्रचार करते नजर आएंगे। उन्होंने बूथ के हर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर सक्रिय करने और बूथ स्तर पर पार्टी से जुड़े ज्यादा से ज्यादा लोगों से वोट करवाने समेत कई नए फार्मूले दिए।**




टिकट वितरण के बाद आमतौर पर सभी दलों में दावेदार नाराजगी जाहिर करते हैं। शाह ने ऐसे ही कार्यकर्ताओं को 'रूठे फूफा' का सम्बोधन दिया है। मध्यप्रदेश और राजस्थान की ही तरह छत्तीसगढ़ में भी भाजपा टिकट के कई दावेदार रूठे फूफा बने बैठे हैं। कई दावेदारों ने तो बगावती तेवर भी अख्तियार कर रखा है। नामांकन फार्म लेकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में भी उतर रहे हैं। शाह ने ऐसे लोगों को सम्बोधित कर कार्यकर्ता और प्रत्याशियों को स्पष्ट नसीहत दी है कि ऐसे लोगों के पीछे वक्त खराब करने की बजाए वे पार्टी और जीत के लिए काम करें। अमित शाह ने बीते कल चुनाव तैयारियों की समीक्षा की और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र भी दिया।

शाह का कहना था कि अगर वो (नाराज दावेदार) मान रहे हैं तो ठीक है, वरना आगे बढ़ो। फूफा अपने आप पार्टी का प्रचार करते हुए नजर आएंगे। अभी जो लोग पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ रहे हैं, उनसे जरूर संपर्क करें। उनको मनाने की कोशिश करें, जिससे वो अपना नाम वापस ले लें। अगर जरूरत हो तो मुझसे भी बात कराएं। शाह ने कहा, जिन लाभार्थियों को केन्द्रीय योजनाओं का लाभ मिला है, उनसे सीधे संपर्क करो। उनका वोट हर हालत में डले, इसके प्रयास करो। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ वह इकलौता राज्य है, जहां दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में कुल 20 सीटों पर 7 नवम्बर को वोटिंग होनी है। इन 20 सीटों के लिए फिलहाल राजनीतिक दल पूरा जोर लगा रहे हैं। उसके बाद दूसरे चरण में बाकी बची 70 सीटों पर मतदान होगा। भाजपा इस बार छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए पूरा जोर लगा रही है। पार्टी का पूरा फोकस प्रारम्भ से ही बस्तर पर रहा है, जहां पहले चरण में वोटिंग होगी। पार्टी के स्टार प्रचारक भी लगातार चुनावी दौरे कर माहौल बनाने में जुटे हैं।

### इस चुनाव से तय होगा भविष्य...

अमित शाह ने कहा है कि इस बार का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव से प्रदेश के विकास के साथ साथ भविष्य भी तय होगा। इसलिए सभी को यह चुनाव मिलजुलकर लड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समझाया कि मतदान के दिन पहले प्रत्येक कार्यकर्ता अपना वोट डाले, उसके बाद अपने परिवार का एक-एक वोट डलवाए और बाद में कम से कम तीन परिवारों के वोट डलवाए। उन्होंने कांग्रेस का वोट काटने के लिए उन प्रत्याशियों का सपोर्ट करने की समझाइश भी दी, जो भाजपा के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। बूथ प्रबंधन पर खास तौर पर फोकस करने को भी कहा। राजनीति के जानकारों का मानना है कि भाजपा ने जिस तरह से टिकट वितरण किया है, उससे पार्टी को फायदा होने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि बहुधा नए चेहरों को अवसर दिया गया है।

### एमपी की तर्ज पर उतारे बड़े नेता


भाजपा ने इस बार मध्यप्रदेश में केन्द्रीय मंत्रियों से लेकर सांसदों तक को टिकट दिया है। कई सीनियर नेताओं को भी टिकट दी गई है। इसी पैटर्न को पार्टी ने छत्तीसगढ़ जैसे छोटे पर राज्य पर भी लागू किया है। यहां भी सांसदों और सीनियर नेताओं को टिकट देकर भाजपा ने बड़ा दाँव चला है। इसका प्रभाव आने वाले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि राज्य में भाजपा के 15 वर्षीय शासनकाल के दौरान जहां जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हुई, वहीं, सेकेंड लाइन पूरी तरह से खत्म हो गई। इस वजह से कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भाजपा आक्रामक रूख अख्तियार नहीं कर पाई। इसी को देखते हुए इस बार युवा और नए चेहरों को मौका मिला है, ताकि दूसरी पंक्ति तैयार हो और विपरीत हालातों में कार्यकर्ता संघर्ष कर पार्टी को मजबूत कर सकें।

### आग में घी का काम करेगा बयान

भाजपा आलाकमान ने अगस्त महीने में अचानक ही प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर चौंकाया था। इस सूची को लेकर कार्यकर्ताओं में ज्यादा आक्रोश नहीं उपजा, क्योंकि ये वे सीटें थीं, जहां पार्टी जीत के लिए काफी जद्दोजहद करती रही है। लेकिन दूसरी से लेकर अंतिम सूची जारी होने के तक पूरे छत्तीसगढ़ में कार्यकर्ता और टिकट दावेदारों में नाराजगी पसर गई। भाजपा ने इस बार परंपरा और लीक से अलग हटकर टिकट वितरण किया, जिसे भाजपाई पचा नहीं पाए। यही वजह है कि काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बगावत का बिगूल फूंक दिया। कई क्षेत्रों में कार्यकर्ता घर बैठ गए हैं। यहां तक कि प्रत्याशियों को भीड़ जुटाना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में अमित शाह का रूठे फूफा वाला बयान आग में घी का काम कर सकता है।




## खास-खबर



### विपक्षी नेताओं के हैकिंग के दावों पर राहुल गांधी बोले- सरकार में अदाणी नंबर-1, पीएम मोदी नंबर-दो

**नईदिल्ली।** विपक्षी नेताओं की तरफ से मंगलवार सुबह दावा किया गया कि उनके फोन में सरकार-प्रायोजित हैकिंग से जुड़े चेतावनी संदेश आए। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कई लोगों को ऐसे संदेश आए हैं। इनमें केसी वेणुगोपा, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा शामिल हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा इस वक्त युवाओं का ध्यान भटकाने की कोशिश में है। राहुल ने कहा पहले मैं सोचता था कि सरकार में नंबर-1 प्रधानमंत्री हैं, दूसरे पर अदाणी और तीसरे पर अमित शाह हैं, लेकिन ये गलत है। सरकार में नंबर-1 अदाणी हैं, पीएम मोदी दूसरे नंबर पर हैं और अमित शाह तीसरे पर।

राहुल ने कहा, हिंदुस्तान की राजनीति हमें समझ आ गई है। अदाणी जी बचकर नहीं निकल सकते। हमने अदाणी को ऐसा घेरा है कि वह बचकर नहीं निकल सकते। इसलिए ध्यान बंटाने की राजनीति हो रही है। कि देश की निगाह, विपक्ष की निगाह पिंजरे में बैठे हुए तोते की ओर न चली जाए। राहुल गांधी ने आगे कहा, जितनी टैपिंग करनी हो कर लो। मुझे फर्क नहीं पड़ता। अगर आपको मेरा फोन चाहिए तो मैं अपना फोन दे देता हूं आपको। कम लोग लड़ रहे हैं इसके खिलाफ। लेकिन हम डरने वाले लोग नहीं हैं, लड़ने वाले लोग हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे।

#### इन नेताओं ने की है अपने फोन हैकिंग की शिकायत?

विपक्ष के कई नेताओं ने दावा किया है कि उनके मोबाइल हैक करने की कोशिश की गई है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि फोन निर्माताओं ने एक संदेश भेजा है, जिसमें कहा गया कि उनके फोन को सरकार समर्थित हैकरों द्वारा हैकिंग की कोशिश की गई है। शिकायत करने वालों में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर और पवन खेड़ा शामिल हैं।

## 52 दिनों से जेल में बंद आंध्र के पूर्व सीएम नायडू को मिली जमानत

■ **कौशल विकास घोटाला केस में हाईकोर्ट ने दी राहत**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को चार सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी। उच्च न्यायालय के वकील सुनकारा कृष्णमूर्ति ने यह जानकारी दी। बताया गया है कि नायडू की ओर से पेश हुए वकीलों ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है।



इसके बाद आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत दी।

हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक, चंद्रबाबू नायडू को 24 नवंबर तक के लिए जमानत दी गई है। उन्हें 24 नवंबर को सरेंडर करने के लिए कहा गया है। कोर्ट 10 नवंबर को उनकी मुख्य जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। कोर्ट ने उन्हें अस्पताल जाने के अलावा किसी भी अन्य तरह के कार्यक्रम में न जाने का आदेश दिया है। उन्हें खास तौर पर मीडिया और राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहने के लिए कहा गया है।

गौरतलब है कि चंद्रबाबू नायडू को 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास घोटाले में नौ सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने उन्हें नौ सितंबर को सुबह करीब छह बजे ज्ञानपुरम में बस में सोते वक्त गिरफ्तार किया था। सीआईडी का दावा है कि नायडू के ही नेतृत्व में मुखौटा कंपनियों के जरिये सरकारी धन को निजी संस्थाओं में हस्तांतरित करने की साजिश रची गई।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने वर्ष 2018 में इस घोटाले की शिकायत की थी। मौजूदा सरकार की जांच से पहले जीएसटी इंटेलिजेंस विंग और आयकर विभाग भी घोटाले की जांच कर रहे थे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत, दो बच्चे घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से बाइक सवार भाई बहन की मौत हो गई, वहीं दो बच्चों के साथ पिकअप चालक भी घायल हो गया। घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। दुर्घटना लैलूंगा रोड पर कोंगनारा घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब नौ बजे लैलूंगा मार्ग में एक पिकअप ने सामने से आ रही बाइक को ठोकर मार दिया। बाइक को ठोकर मारते हुए पिकअप सड़क के किनारे खेत में पलट गई। जबकि बाइक में सवार चारों लोग सड़क पर गिर गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी बाइक चालक सुखसागर (29) निवासी ग्राम कठरापाली की मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल ले जाने के दौरान बहन लक्ष्मी सिदार (35) की भी मौत हो गई।

## वायु प्रदूषण से हालत खस्ता, सुप्रीम कोर्ट ने पांच राज्यों से बचाव के उपायों पर मांगे जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्टूबर माहके आखिरी दिनों में वायु प्रदूषण गंभीर स्थिति में पहुंच गया है। कई राज्यों की हालत खस्ता बनी हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 पार कर गया है। 300 से ऊपर एक्यूआई जाने का मतलब है कि शहर की हवा बहुत खराब स्थिति में है। ऐसे में वायु प्रदूषण की स्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी गंभीर हो गया है। उसने दिल्ली, पंजाब समेत पांच राज्यों से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों पर हलफनामा दाखिल करने को कहा है।



सोमवार को 416 एक्यूआई के साथ जींद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। प्रदूषित हवा की वजह से आंखों में जलन और सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ गई हैं। वहीं, विशेषज्ञ के अनुसार प्रदूषण से फिलहाल दिवाली तक राहत के आसार नहीं हैं।

शीर्ष अदालत ने जिन राज्यों को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों पर हलफनामा दाखिल करने को कहा है उनमें दिल्ली,पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा व राजस्थान शामिल हैं।

### विश्व बैंक ने दी चेतावनी........

## युद्ध बढ़ा तो तेल की कीमतें बढ़ेंगी; महंगाई में होगा इजाफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व बैंक ने सोमवार को बताया है कि अगर इस्राइल और हमास के बीच युद्ध तेज होता है, तो तेल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है, इसके परिणामस्वरूप दुनिया भर में खाने-पीने की चीजें महंगी हो सकती हैं। विश्व बैंक के कमोडिटी मार्केट आउटलुक में पाया गया कि यदि संघर्ष नहीं बढ़ता है तो तेल की कीमतों पर प्रभाव सीमित होना चाहिए, लेकिन यदि संघर्ष बढ़ता है तो हालात बिगड़ जाएंगे।

हमास की ओर से इस्राइल पर किए गए हमले में 1,400 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश नागरिक थे, लगभग 240 को बंधक बना लिया गया था। उसके बाद हमास के खिलाफयुद्ध की इस्राइल की घोषणा ने पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष की आशंका को बढ़ा दिया है। और तनाव बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। इस्राइल की टैंकों और पैदल सेना को बीते सप्ताहांत में गाजा में धकेल दिया गया क्योंकि प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध के दूसरे चरण की घोषणा कर दी है। दूसरी ओर हमास के अधिकारियों ने लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला सहित अन्य सहयोगियों से अधिक क्षेत्रीय सहायता मांगी है।

बड़े व्यवधान की स्थिति में जैसा 1973 के अरब तेल प्रतिबंध के समय हुआ था वैश्विक तेल आपूर्ति प्रति दिन 6 मिलियन से 8 मिलियन बैरल तक कम हो जाएगी और ऐसी स्थिति में कीमतें कीमतें 56 से 75 फीसदी प्रतबिरल तक बढ़ सकती हैं।



### विश्व बैंक ने युद्ध के तीन परिदृश्यों के प्रभाव के बारे में बताया

विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में छोटे, मध्यम या बड़े व्यवधान की स्थिति में वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए तीन परिदृश्यों की बात कही है। विश्व बैंक का अनुमान है कि यदि संघर्ष छोटे व्यवधान परिदृश्य से नहीं बढ़ता है तो प्रभाव सीमित होना चाहिए- ऐसे में तेल की कीमतें अगले साल औसतन 81 डॉलर प्रति बैरल तक गिरने की उम्मीद है। लेकिन युद्ध के कारण अगर मध्यम व्यवधान पैदा होता है जैसा इराक युद्ध के दौरान हुआ था तो वैश्विक तेल आपूर्ति प्रति दिन 3 मिलियन से 5 मिलियन बैरल तक घट जाएगी, जिससे तेल की कीमतें संभवत: 35% तक बढ़ जाएंगी।







## संपादकीय

# नेताओं पर हमला

देश में जन-प्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए सजग रहने की जरूरत है। महाराष्ट्र में एक सत्तारूढ़ विधायक के घर पर पत्थरबाजी, आगजनी और तेलंगाना में एक सांसद पर चाकू से हमला बेहद चिंताजनक है। ये दो ताजा मामले इस बात के भी संकेत हैं कि जन-प्रतिनिधियों के विरुद्ध समाज के कुछ वर्गों में बड़ी नाराजगी है और नेताओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहना चाहिए। जिन इलाकों में नेताओं का बहिष्कार या विरोध हो रहा है, वहां सुरक्षा एजेंसियों को ज्यादा सावधान रहना होगा। पहले भी हमने मणिपुर में जन-प्रतिनिधियों के खिलाफ गंभीर रोष देखा है। ध्यान रहे, महाराष्ट्र के बीड जिले के माजलगांव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रकाश सोलंके के घर पर पहले पत्थरों से हमला किया गया और फिर उनके परिसर में खड़े वाहनों में आग लगा दी गई। स्थानीय राजनीति चाहे जो हो, पर जो लोग भी ऐसी हिंसा का नेतृत्व कर रहे हैं, उन्हें बाज आना चाहिए। लोकतंत्र में किसी नेता से कोई मांग करना या उम्मीद रखना जायज है,मगर किसी नेता पर हमला बोलना या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करना अपराध है। अगर कोई नेता अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता है, तो चुनाव हराकर दंडित करने का रास्ता लोकतंत्र में उपलब्ध है, उसे आजमाना चाहिए। यह बहुत दुखद है कि तेलंगाना के सांसद के पी रेड्डी पर सोमवार दोपहर सिद्दीपेट जिले के सुरमपल्ली गांव में चाकू से हमला हुआ। रेड्डी दुब्बाक विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। इस हिंसा की जांच होनी चाहिए और सुरक्षा में हुई चूक को गंभीरता से लेना चाहिए। आम तौर पर चुनाव प्रचार के समय नेता सहजता से लोगों के बीच आना-जाना शुरू कर देते हैं। हर नेता की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, ऐसे में, सुरक्षा में चूक की गुंजाइश भी बढ़ जाती है। सांसद पर हुए हमले के बाद तेलंगाना के राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने दुख व्यक्त करते हुए उचित ही कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए खतरा हैं। वास्तव में, यह बात तमाम नेताओं की समझ में आनी चाहिए। अनेक मौके ऐसे आए हैं, जब बड़े राजनेताओं ने भी अपनी राजनीति के किसी न किसी मोड़ पर हिंसा को तार्किक ठहराने की कोशिश की है। अपने देश में नेताओं की पृष्ठभूमि में हिंसा के तत्व असामान्य नहीं हैं। दागदार नेताओं की दुनिया में सुधार के लिए काफी कोशिशें पहले हुई हैं, पर अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। नेताओं का स्वयं दागी या अपराधी होना समाज में क्या प्रभाव छोड़ता है, यह उनको भी अवश्य देखना और सोचना चाहिए। बहरहाल, जब चुनाव सामने हैं, तब तमाम राजनेताओं को सजग रहना होगा। अक्सर देखा गया है कि एक नेता ही दूसरे नेता के लिए मुश्किलें बढ़ाता है। आने वाले दिनों में अगर नेतागिरी हिंसा की राह पर चलेगी, तो इसका सर्वाधिक नुकसान नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं को ही होगा। आरक्षण आंदोलन हो या पानी-बिजली की मांग या किसी मांग के पूरी न होने पर विरोध प्रदर्शन, कहीं भी हिंसा का सहारा न लिया जाए और न किसी को हिंसा के लिए उकसाया जाए। चुनावी मौसम में ऐसे सियासी ढर्रे से बचना होगा। राजनीति में हिंसा दोधारी तलवार की तरह है। यह तलवार न रहे, तो भारतीय लोकतंत्र के लिए ज्यादा अच्छा है। राजनीतिक आंदोलन गलत नहीं हैं, लेकिन उनमें हिंसा लोकतंत्र के साथ धोखा व जघन्य अपराध है। ऐसे हिंसक तत्वों को पूरी कड़ाई से दंडित करने की भी जरूरत है, ताकि कोई भी हिंसा की न सोचे।

> हर नेता की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, ऐसे में, सुरक्षा में चूक की गुंजाइश भी बढ़ जाती है। सांसद पर हुए हमले के बाद तेलंगाना के राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने दुख व्यक्त करते हुए उचित ही कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए खतरा हैं। वास्तव में, यह बात तमाम नेताओं की समझ में आनी चाहिए।

## सेहत की किसे चिंता?

कानपुर में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना के पीछे इन दो में से कोई एक कारण ही हो सकता है: पहली वजह तो यह हो सकती है कि स्वास्थ्य व्यवस्था इतने दबाव में है कि वह खून चढ़ाने जैसे मामलों में तय मानदंडों का सख्ती से पालन करने की स्थिति में नहीं है। या फिर दूसरी वजह यह हो सकती है कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले (आम तौर पर गरीब) मरीजों की चिंता शासन की प्राथमिकता में घटती चली गई है, इसलिए ऐसी घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता। वरना, यह कैसे संभव है कि संक्रमित खून ब्लड बैंक में रखा जाए और बच्चों को चढ़ाने के पहले रक्त की गुणवत्ता का परीक्षण ना हो? कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज से जुड़े लाला लाजपत राय बाल चिकित्सालय में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने का मामला पिछले दिनों सामने आया। उसके बाद से यह चिंता लगातार जताई गई है कि स्थिति कहीं ज्यादा भयावह हो सकती है। घटनाक्रम गौरतलब है। बच्चों में संक्रमण की जानकारी बाल रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार आर्य ने दी।

उन्होंने दावा किया था कि 14 बच्चों के शरीर में संक्रमित खून चढ़ाए जाने की वजह से उनमें हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी के साथ-साथ एचआईवी पॉजिटिव के लक्षण पाए गए हैं। इस बात की जानकारी तब मिली जब थैलेसीमिया विभाग ने 180 मरीजों की स्क्रीनिंग की थी और इसमें 14 मरीजों की रिपोर्ट पॉजीटिव आई। इन बच्चों को अलग-अलग प्राइवेट अस्पतालों में खून चढ़ाया गया था। खून दिए जाने से पहले कहीं भी उनका टेस्ट नहीं किया गया। स्पष्टत: यह पूरा मामला ब्लड डोनेशन और फिर मरीजों को खून चढ़ाने की प्रक्रिया में मौजूद खामियों को दर्शाता है। दावा किया जाता है कि ब्लड बैंकों में खूनदाता की पूरी जांच के बाद ही उसका रक्त लिया जाता है। मगर यह घटना बताती है कि ऐसे दावों के बावजूद कई बार लापरवाही होती है, जिसके चलते संक्रमित खून बैंकों में ले लिया जाता है और फिर मरीजों में भी पहुंच जाता है। इसलिए कानपुर की घटना को बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## अर्थव्यवस्था पर आरएसएस और भाजपा की बैठक

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और उससे जुड़े संगठन चिंता में हैं। तभी पिछले दिनों आरएसएस और भाजपा के बीच एक अहम बैठक हुई है। इस बैठक के महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। बताया जा रहा है कि अमित शाह के अलावा कई और मंत्रियों ने इसमें हिस्सा लिया। जानकार सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वन व पर्यावरण व श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव भी इस बैठक में शामिल हुए। देश की वित्तीय स्थिति के साथ साथ किसानों और मजदूरों की स्थिति पर भी इसमें चर्चा हुए होने की खबर है। बताया जा रहा है कि अगले साल के लोकसभा चुनावों से पहले सरकार बजट सत्र की तैयारी कर रही है। हालांकि सरकार पूर्ण बजट नहीं पेश करेगी लेकिन लेखानुदान से भी बहुत मैसेज बन सकता है। बहरहाल, बताया जा रहा है कि आरएसएस की ओर से संघ और भाजपा के बीच समन्वय का काम देख रहे अरुण कुमार की पहल पर यह बैठक हुई। संघ की तीन अनुषंगी संगठनों- स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय किसान संघ और भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि भी इस बैठक में शामिल हुए। बताया जा रहा है कि इन तीनों संगठनों ने सरकार की कई नीतियों पर सवाल उठाए। हालांकि केंद्र सरकार और खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं और मेड इन इंडिया की मुहिम चल रही है लेकिन स्वदेशी जागरण मंच को लग रहा है कि स्वदेशी का बहुत प्रचार नहीं हो रहा है।

> **अब जब ईवीएम मशीनों का प्रयोग हो रहा है और बूथ पर केंद्रीय बलों की तैनाती होने लगी है, तब बूथ कब्जाने के तौर-तरीके भी बदले हैं। आर्थिक अपराधों से जुड़ी एजेंसियों का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि अब राजनीति से जुड़कर बहुत सारा पैसा कमाया जा सकता है और इस पैसे को सुरक्षित रखने या इसके निवेश के लिए जो रास्ता अपनाया जाता है, उस पर इन एजेंसियों की निगाह रहती है।**

# नेताओं पर पड़ते छापों के निहितार्थ

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी



चुनावों का मौसम आते ही छापों की बारिश होने लगती है। इस बार भी हो रही है और औपचारिक शोर-शराबे के अलावा कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा है। कई बड़े राज्यों में विधानसभाओं के चुनाव हो रहे हैं और राजनीतिक पर्यवेक्षक इन्हें अगले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल मान रहे हैं। ऐसे में, स्वाभाविक ही है कि विरोधी दलों के नेताओं के घरों या दफ्तरों में पड़ने वाले छापों के निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हो रहा है। पहले सीबीआई के लिए देश की सबसे ऊंची अदालत पालतू तोता शब्द का इस्तेमाल कर ही चुकी है, पर अब सीबीआई से ज्यादा नाम कमाने वाली कई संस्थाएं इस बदनाम सूची में जुड़ चुकी हैं। खास तौर से एनफोर्समेंट डायरेक्ट्रेट (ईडी) का नाम सुनाई देने लगा है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में इस प्रवृत्ति को जांचना दिलचस्प होगा। डॉक्टर आंबेडकर ने संविधान सभा में संविधान का अंतिम ड्राफ्ट पेश करते समय जब सामाजिक और राजनीतिक लोकतंत्र में फर्क को रेखांकित किया था, तब उनके मन में मुख्य रूप से भारतीय समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और तज्जनित अन्याय ही था, पर यह कथन कहीं न कहीं इस समाज की आंतरिक संरचना में लोकतंत्र के अभाव की ओर भी इशारा कर रहा था। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव ने पहली बार धर्म, जाति, वर्ग, वंश या लिंग के भेद को नकारते हुए जन-सामान्य को अपना शासक चुनने का अधिकार सौंपा था।

यह इसलिए भी असाधारण था कि आधुनिक लोकतंत्र की जननी इंग्लैंड और सबसे पुरानी संसद वाले अमेरिका में भी स्त्रियों या अश्वेतों जैसे हाशिये के वर्गों को मताधिकार के लिए कई सौ वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा था, पर यह परिवर्तन कॉस्मेटिक अधिक था। वर्चस्ववादी वर्ग कैसे भी हों, अपना प्रभुत्व छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। शुरू के कई आम चुनावों में तो यह दृश्य आम था, जब किसी क्षेत्र से कोई राजा, महाराजा या जमींदार अपने किसी हलवाहे या ड्राइवर को आशीर्वाद देकर चुनाव लड़ाते और जिताते दिखते थे।

चुनाव जीतकर जो विधायक या सांसद बन रहे थे, उन्हें असीमित अधिकार मिले और लोकतांत्रिक परंपराओं से रहित समाज ने आसानी से इन अधिकारों को आनुवांशिक और कानून कायदों के नियंत्रणों से परे मान लिया। इस स्थिति में स्वाभाविक था कि अनियंत्रित अधिकारों ने संपदा अर्जन के अपार अवसर उत्पन्न कर दिए। ज्यादातर जन-प्रतिनिधि एक बार चुने जाने के बाद सत्ता से हटना नहीं चाहते और इसके लिए वे कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। इस 'कुछ भी' में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग सबसे आसान था और आजादी के बाद से दुर्भाग्य से किसी भी राजनीतिक दल ने इससे कभी भी गुरेज नहीं किया। यह उससे भी बड़ा दुर्भाग्य था कि हमारी नौकरशाही का अधिकांश हिस्सा इस मामले में पूरी तरह से रीढ़-विहीन निकला। कुछ अपवादों को छोड़ दें, तो बहुत कम चमकते उदाहरण मिलेंगे, जिन्होंने गलत को न कहने का साहस किया हो। सत्ता लोलुपों के लिए पुलिस सबसे आसान निशाना थी और उसी का सबसे ज्यादा दुरुपयोग हुआ भी। याद कीजिए शेषन युग से पहले के आम चुनाव, जब बूथ लुटेरे घूम-घूमकर पोलिंग स्टेशन लूटते घूमते थे और उन दिनों पुलिस का काम ही होता था इन लुटेरों की रक्षा करना और विरोधी प्रतिरोध को बलपूर्वक कुचलना। पुलिस के दुरुपयोग की इसी आकांक्षा ने देश में उसमें कभी बुनियादी सुधार नहीं होने दिया। आज भी किसी मुख्यमंत्री का सबसे प्रिय दारोगा कौन हो सकता है? वही सबसे दुलारा होगा, जो उसके विपक्षियों के हाथ पैर-तोड़े व उसके समर्थकों के बड़े-बड़े अपराध को नजरंदाज करता रहे। इस स्थिति में सुधार किसी मुख्यमंत्री की अंतिम चिंता होगी।

अब जब ईवीएम मशीनों का प्रयोग हो रहा है और बूथ पर केंद्रीय बलों की तैनाती होने लगी है, तब बूथ कब्जाने के तौर-तरीके भी बदले हैं। आर्थिक अपराधों से जुड़ी एजेंसियों का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि अब राजनीति से जुड़कर बहुत सारा पैसा कमाया जा सकता है और इस पैसे को सुरक्षित रखने या इसके निवेश के लिए जो रास्ता अपनाया जाता है, उस पर इन एजेंसियों की निगाह रहती है। दिक्कत तब आती है, जब इनकी नजरें सिर्फ विरोधी दलों के नेताओं को देखकर वक्र होती हैं। इन संस्थाओं के छापों से यह पता चल जाता है, किस राजनेता की सत्ता के गलियारे में क्या हैसियत है? भाई लोग इन छापों से टिकटों के बंटवारे का अनुमान लगा लेते हैं। यह जगजाहिर है कि अल्पमत की सरकार के एक नेता पांच वर्षों तक ऐसी ही एक एजेंसी का डर दिखाकर एक बड़े प्रदेश के दो विरोधी नेताओं की पार्टियों का लोकसभा में समर्थन हासिल कर प्रधानमंत्री बने रहे। कई राज्यों में सत्ता पक्ष ने इन्हीं एजेंसियों का भय दिखाकर अपने अल्पमत को बहुमत में बदला है और वर्षों अपनी सरकारें चलाई हैं।

इस स्थिति का एक सकारात्मक पहलू भी है। तमाम तिकड़मों और जोड़-तोड़ वाले लोकतंत्र के बावजूद सरकारें तो बदलती ही रहती हैं और सत्ता में रहते हुए कुछ गलत करने वाले नेता का सुरक्षा कवच विपक्ष में जाते ही भेद्य हो जाता है। हालांकि, कुछ तो दलबदल का सहारा लेकर बचने की कोशिश करते हैं, लेकिन बहुत सारे इसमें सफल नहीं हो पाते हैं। दिल को बहलाने के लिए यह ख्याल अच्छा हो सकता है, पर लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए तो बिल्कुल ही नहीं। इससे राजनीति में अवसरवाद और तिकड़म को ही प्रोत्साहन मिलेगा।

एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षण हो और जनता को बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अवसर मिले। यह सही है कि ऐसा, लोकतंत्र को अपने जीवन का अंग बनाने से ही संभव होगा, लेकिन यह भी सही है कि साफ-सुथरे चुनाव जीवन के लोकतंत्र को भी मजबूत करेंगे। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। संविधान सभा में डॉक्टर आंबेडकर की इस चिंता, कि राजनीतिक लोकतंत्र हासिल करने वाले भारत को सामाजिक लोकतंत्र हासिल करने में समय लगेगा, का हल भी इसी में है कि हम जीवन में लोकतंत्र लाएं। तभी सरकारों की संस्थाओं के दुरुपयोग की प्रवृत्ति पर रोक लग सकेगी और शायद तभी चुनावी मौसम में इतने छापों की खबरें भी पढ़ने को न मिलें।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# जिनको कोरोना हुआ था, क्या वे ज्यादा मेहनत नहीं करें

चंद्रकांत लहारिया, जन-स्वास्थ्य विशेषज्ञ



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के एक बयान के बाद कोरोना को लेकर नए सिरे से चर्चा शुरू हो गई है। उन्होंने आईसीएमआर के अध्ययन के हवाले से कहा है कि कोरोना के गंभीर संक्रमण की चपेट में आए लोगों को हार्ट अटैक से बचने के लिए एक-दो साल तक भारी काम करने से बचना चाहिए। जरूरत से ज्यादा कसरत और दौड़ना भी इन भारी कामों में शामिल है। निस्संदेह, व्यायाम के कई तरह के फायदे हैं और इस बात के वैज्ञानिक साक्ष्य भी हैं कि कसरत करने वाले लोग ज्यादा समय तक स्वस्थ और जीवित रहते हैं, लेकिन इसको लेकर यह गलतफहमी भी है कि जितना अधिक व्यायाम करेंगे, उतना ही अच्छा होगा। कसरत करना भी एक सीमा तक ही अच्छा हो सकता है। उस सीमा के बाद यह आपको नुकसान ही पहुंचाती है। जब शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहे लोग अधिक कसरत करने लगते हैं या 'इंटेंस फिजिकल ट्रेनिंग' लेने लगते हैं, तो यह नुकसानदेह साबित होता है। इससे कई बार हार्ट अटैक की स्थिति भी बन जाती है। स्वास्थ्य मंत्री संभवत: इसी तथ्य की ओर इशारा कर रहे हैं।

हालांकि, यह बात भी याद रखनी चाहिए कि कोविड-19 और दिल के दौरे में किसी किस्म के संबंध पर दुनिया के तमाम देशों में अध्ययन हुए हैं और इनमें से किसी में कोरोना की वजह से भविष्य में दिल का दौरे पड़ने की आशंका जाहिर नहीं की गई है। मगर यह बात भी सच है कि अभी जागरूकता बढ़ाने का समय है, और स्वस्थ जीवनशैली हर किसी को अपनानी चाहिए। भारतीयों की एक विचित्र विशिष्टता है। वे भले ही दुबले-पतले दिखाई दें, लेकिन उनका 'बॉडी फैट कंटेंट' बहुत अधिक होता है, जिससे उन्हें दिल और लिवर की बीमारियों का खतरा बना रहता है। लिहाजा, सभी वयस्कों को नियमित शारीरिक गतिविधियां करनी चाहिए। 18 से 65 साल की उम्र के स्वस्थ लोगों को दिन में कम से कम 30 मिनट या सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। मधुमेह या उच्च रक्तचाप के खतरे से जूझ रहे लोगों को तो रोज एक घंटा या सप्ताह में 300 मिनट का वक्त व्यायाम में बिताना चाहिए।

सवाल यह भी है कि भारी व्यायाम या काम से आखिर किसको खतरा है? जवाब है, जिन्हें पहले से दिल संबंधी परेशानियां हैं या जो लंबे समय से निष्क्रिय रहे हैं। भारी व्यायाम करने से पहले चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें। हाल-फिलहाल जिम में, गरबा खेलते या डांस करते हुए हार्ट अटैक आने की घटनाओं को कोरोना से जोड़कर देखा जा रहा था। लोगों में इसको लेकर भ्रम पैदा हो रहा था। अब यह स्पष्ट हो गया है कि कोविड की वजह से ऐसा होने के कोई वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी सुरक्षा के लिहाज से यह सलाह दी गई है कि जिन लोगों को गंभीर कोरोना हुआ था, उन्हें अपनी शारीरिक गतिविधियों की शुरुआत धीरे-धीरे ही करनी चाहिए। हां, अगर कोरोना हुए एक या उससे अधिक साल हो गए हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं।

हालांकि, भारत में हृदय संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं, जिसका मूल कारण लोगों की अनियमित जीवन-शैली है। पिछले तीन वर्षों की इस तरह की घटनाओं से जो हम सीख सकते हैं, वह यह कि जीवन-शैली में कुछ छोटे-मोटे बदलावों से हम काफी हद तक खुद को सुरक्षित कर सकते हैं। पहला, हर व्यक्ति को प्रतिदिन 60 मिनट और सप्ताह में कम से कम पांच दिन, मध्यम तीव्रता वाली शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। कम वसा और कम परिष्कृत शर्करा के साथ स्वस्थ व संतुलित भोजन करना चाहिए। विशेष रूप से मीठे पेय और अति प्रसंस्कृत खाने से बचना चाहिए। जितना हो सके, खाने में कम नमक खाना चाहिए और नशे वगैरह से भी दूरी रखनी चाहिए। नींद भी काफी आवश्यक है और रोजाना कम से कम सात-आठ घंटे जरूर सोने चाहिए। शरीर पर किसी भी प्रकार के तनाव का परिणाम उन रसायनों/ हार्मोनों पर पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप दिल का दौरा पड़ता है।

यह अच्छी बात है कि दुनिया के ज्यादातर देश दिल, जिगर और गुर्दे की बीमारियों को रोकने के लिए कदम उठा रहे हैं। भारत में भी इस संदर्भ में जागरूकता अभियान चलाने की सख्त जरूरत है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# चुनाव और मोदी का खाली लिफाफा!

हरिशंकर व्यास

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विधानसभा सेमीफाइनल में अचानक लिफाफा खुला। गुर्जर समुदाय के आस्था केंद्र देवडूंगरी स्थित देवनारायण मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल ने बात-बात में लिफाफा खोल दिया। बात राजस्थान के भीलवाड़ा में आसींद कस्बे के पास मालासेरी देवडूंगरी मंदिर की है। इस मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी 2023 को गए थे। उन्होंने पुजारी के सामने मंदिर की दान पेटी में एक सफेद रंग का लिफाफा डाला था। आठ महीने बाद 25 सितंबर को मंदिर ट्रस्ट से जुड़े ट्रस्टियों, पुजारी ने दान पत्र खोला। उसमें नरेंद्र मोदी का डाला सफेद लिफाफा खोला तो भीतर से 20 रुपए का नोट और एक रुपए का सिक्का निकला। मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों से पुजारी ने कहा- आपके सामने इसमें से तीन लिफाफे निकले हैं। एक में 121 और एक में 21 सौ तथा सफेद लिफाफे में 21 रुपए मिले हैं।

जान लें प्रधानमंत्री की इस मंदिर की यात्रा का प्रदेश के गुर्जरों में बडा असर हुआ था। उनका मंदिर में जाना 1111 अवतरण महोत्सव के मौके पर था। मोदी की सभा भी हुई थी। उन्होंने भाषण में गुर्जरों के आराध्य देवनारायण के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की। तभी गुर्जर समुदाय में चर्चा थी कि प्रधानमंत्री ने मंदिर में चढ़ावा किया है तो लिफाफे में बड़ी राशि या मंदिर के विकास को लेकर बड़े सहयोग का कोई प्लान होगा। इसी आशा और विश्वास में गुर्जरों में दान पात्र खोले जाने का बेसब्री से इंतजार था। पर प्रधानमंत्री के लिफाफे से निकला क्या?

और यह अब विधानसभा चुनाव की चखचख है, नैरेटिव है। प्रियंका गांधी ने राजस्थान की चुनाव सभाओं में कहा है कि मोदी के लिफाफे से उम्मीद कुछ थी लेकिन उसमें से निकले सिर्फ 21 रुपए। मोदीजी का लिफाफा हमेशा खाली ही रहता है। मोदीजी की घोषणाओं का बंद लिफाफा खाली है। मोदीजी ने फलां-फलां वादे किए लेकिन हुआ क्या? ईआरसीपी का वादा किया 10 साल निकल गए। इनकी सिर्फ खाली घोषणाएं हैं खाली लिफाफे हैं। जबकि कांग्रेस जो कह रही है उसे जमीन पर उतार रही है। मेरी बातों पर मत जाओ। इंटरनेट पर जाओ और देखो। अशोक गहलोत भी नहीं चुक रहे हैं। वे भी कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में कहा था कि सभी के खातों में 15-15 लाख रुपए आएंगे। दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे। पर हुआ क्या? जबकि हमने जो राजस्थान में वादा किया, सभी को निभाया है।

प्रियंका गांधी और गहलोत का हल्ला ऐसा फैला और चुभा कि भाजपा के नेता तुरंत जयपुर और दिल्ली में चुनाव आयोग से शिकायत करते मिले कि प्रियंका गांधी को रोको। वह पीएम मोदी के खिलाफ दुर्भावना से झूठ फैला रही हैं। उनका बयान आचार संहिता के नियमों के खिलाफ है। उनका कथन धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है।

और संयोग जो इस सप्ताह भाजपा हाईकमान याकि नरेंद्र मोदी-अमित शाह छतीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना चारों राज्यों से अपने हाथ खींचते हुए दिखे हैं। हां, पंद्रह दिन पहले भाजपा सभी राज्यों में अकेले नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ते हुए थी। शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे व रमन सिंह के टिकट भी कटते हुए थे। सब कुछ दिल्ली में तय होता हुआ था। नए चेहरों को चुनाव में उतारने की तैयारियां थीं। लेकिन इस सप्ताह मानों मोदी-शाह-नड्डा उन उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए हैं, जिन्हें पहले थके, चुके और बूढ़ा माना जा रहा था।

इसका एक तात्कालिक असर यह है कि तेलंगाना, छतीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान चारों राज्यों में भाजपा बिना प्रादेशिक कमान के लावारिस अवस्था में है। कहने को शिवराज सिंह चौहान रोजाना दौरे कर रहे हैं लेकिन वह इसलिए है क्योंकि बतौर मुख्यमंत्री उनके तामझाम हैं। पार्टी लेवल पर न उनका चेहरा प्रोजेक्ट है और न संगठन से ये दौरे संचालित हैं। रमन सिंह और वसुंधरा राजे अपने निज दायरे में सक्रिय हैं। न प्रदेश अध्यक्षों व संगठन मंत्रियों का अर्थ है और न केंद्र की भेजी टीम मुख्य चेहरे नरेंद्र मोदी के लिफाफे को पब्लिक में भारी साबित करने की कोशिशों में है।

तो क्या माना जाए कि पांचों विधानसभा में भाजपा की हवा बिगड़ी हुई है? नहीं, मैं ऐसा नहीं मानता। लेकिन इतना तय है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के लिए ये विधानसभा चुनाव बहुत मुश्किल हो गए हैं। पार्टी पांच में से दो राज्य भी जीत जाए तो बड़ी बात होगी। बहुत संभव है कि इन चुनावों में मतदाता ही मोदी के खाली लिफाफे को खारिज करे।

# खेल की फीस और फीस की टीस

भारत इंग्लैंड के मुकाबले सौ रन से जीत गया। शमी ने चार विकेट लिये, लंबे वक्त तक टीम के बाहर रहने के बाद फिर आने के बाद बंदा कामयाब हो जाता है। यह बात ठीक नहीं है, यह कहा मध्य प्रदेश के नेता दिग्विजय सिंह ने। वह तो सरकार की टीम से बहुत सालों से बाहर हैं, पर कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। रोहित शर्मा ने शानदार पारी खेली 87 रनों की, जीते हुए कप्तान की तारीफ होनी चाहिए, पर यह भी मान लेना चाहिए कि इंडियन टीम सिर्फ इसलिए नहीं जीती कि बहुत अच्छा खेली, बल्कि इंडियन टीम इसलिए जीती कि इंग्लैंड की टीम बहुत ही खऱाब खेली। कुल 129 रन पर इंग्लैंड की पूरी टीम आउट हो जाये, तो मानना चाहिए सारी कामयाबियां सिर्फ अपनी काबिलियत से नहीं मिलती, कई बार सामने वाले की नाकामयाबी भी बहुत काम आती है। पाकिस्तान की टीम ने शिकायत दर्ज करायी है कि हमें नहीं मिलती हमारे सामने नाकामयाब टीम, यह भारत की साजिश है।

बुमराह को शिकायत होनी चाहिए- बॉलिंग तो मैं करूं ही, और बैटिंग में भी मुझसे ही उम्मीद बांध लो। बात दरअसल यह है कि बैट्समैन श्रेयस अय्यर कभी चलते हैं, कभी नहीं। तो क्या यह हो सकता है कि श्रेयस अय्यर की फीस का एक हिस्सा काटकर बुमराह को दिया जाये। भक्क, फीस के लिए क्रिकेट कौन खेलता है, यह होना चाहिए कि तमाम इश्तिहारों में जो आइटम अब अय्यर बेच रहे हैं, उनमें से कुछ की सेल्समैनशिप बुमराह को मिलनी चाहिए। तमाम मैचों में हार के बाद अब पाक के लिए सवाल यह है- क्या पाक फाइनल में खेलेगा। इसका जवाब यह कि अगर अफगानिस्तान न्यूजीलैंड को हरा दे, न्यूजीलैंड अमेरिका को हरा दे, अमेरिका हमास को हरा दे।

***यह क्या बेवकूफी की बात है, ऐसा कैसे हो सकता है।:***- पाकिस्तान फाइनल में पहुंचेगा या नहीं- इस सवाल का सही जवाब भी यही है- यह क्या बेवकूफी की बात है।

***ऐसा कैसे हो सकता है।:***- जो बंदा कुछ समय पहले दिल्ली की बाढ़ का एक्सपर्ट बना टीवी चैनलों पर आ रहा था, वह अब वर्ल्ड कप क्रिकेट का एक्सपर्ट बना टीवी चैनलों पर दिख रहा है। यही बंदा देर रात इस्राइल-हमास युद्ध का भी एक्सपर्ट बना दिखता है टीवी चैनलों पर।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## खास खबर

### अमितेश शुक्ला और जनक राम ध्रुव ने भरा नामांकन, कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन

**गरियाबंद।** नामांकन के अंतिम दिन जिले से कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियो ने अमितेश शुक्ला और जनक राम ध्रुव ने बाजे गाजे के साथ विशाल रैली निकाल अपना नामांकन भरा। अमितेश शुक्ला ने राजिम विधानसभा और जनकराम ध्रुव ने बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री नंद कुमार साय भी मौजूद रहे।कांग्रेसियों ने अपने प्रत्याशियो का स्वागत भव्यतम आतिशबाजी व गाजबाजे के साथ किया इस दौरान भुपेश बघेल जिंदाबाद के नारे से माहौल गूंज गया ,नगर के तिरंगा चौक से गांधी मैदान तक पैदल मार्च करते हुए प्रत्याशियो ने कार्यकताओं में जोश भरा । नामांकन के पहले कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों ने गांधी मैदान में आम सभा को संबोधित किया।हजारों की सख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजिम विधायक अमितेश शुक्ला ने कांग्रेस सरकार के विकास के पाच वर्षो की बात कही इस दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा। अमितेश ने कहा की भूपेश सरकार ने 5 सालो गरीब, किसानो,भूमिहीन किसानों के लिए काम किया। किसानों के लिए योजना बनाकर उन्हें लाभान्वित किया।सिंचाई की सुविधा दी। प्रदेश का चुहुमुखी विकास किया।लेकिन हमे भाजपा से सतर्क रहना है।उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बरगलाने आयेंगे। जाति धर्म के नाम पर बरगलाने का काम करेगे। अदानी अंबानी का पैसा लगेगा। उन्होंने लोगो से कहा की आप भूपेश बघेल पर भरोसा रखे।

### मतदान दिवस 7 नवम्बर को श्रमिक व कर्मचारियों के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित

**कांकेर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए जिले में निर्धारित मतदान दिवस की तिथि 07 नवंबर को श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 प्रथम चरण में 07 नवंबर मंगलवार एवं द्वितीय चरण में 17 नवंबर शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दिवस के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी दी जानी है एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के उपरांत प्रावधान दिवस में मतदान को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। चूंकि औद्योगिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों एवं अन्य व्यवसाय में कार्यरत कर्मचारी/श्रमिक उपरोक्त प्रावधान के परिधि में आते हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख की उपधारा के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार नियोजित किया जाता है तो उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी प्रदाय की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गई होती। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आने वाल कारखानों, संस्थानों की स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक एवं कर्मचारी को संबंधित विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की सुविधा प्रदान किया जाता है।

# दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान के लिए किए जा रहे प्रयासों का उठाएं अधिकतम लाभ - रीना बाबासाहेब कंगाले

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज रेडक्रास भवन रायपुर के सभाकक्ष में दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन में दिव्यांग तथा वृद्ध मतदाताओं को मतदान में सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दिव्यांगों तथा वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान की प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाते हुए इस वर्ग के मतदाताओं को घर बैठे ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का विकल्प दिया गया है।

इसके साथ ही यदि दिव्यांग मतदाता मतदान करने के लिए मतदान केन्द्र तक आने के लिए वाहन की सुविधा चाहेंगे तो उन्हें निर्वाचन आयोग की तरफ से सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस सुविधा के लिए ऐसे मतदाताओं को पहले अपना पंजीयन कराना होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। मतदान केंद्र पर मतदान के लिए आने वाले दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं को कतार में खड़े न रहना पड़े, इस बात को ध्यान में रखते हुए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग पहले करने के लिए प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ईवीएम मशीन पर प्रत्याशियों का नाम ब्रेल लिपि में भी मुद्रित कराया जा रहा है। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य स्तरीय संगोष्ठी को कलेक्टर श्री सर्वेश्वर भूरे ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ (वीएबी) की स्थिति की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने के लिए संकेतक चस्पा किए जा रहे हैं। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिए तैयार सक्षम मोबाइल एप का उल्लेख करते हुए इसे बहुउपयोगी बताया।

राज्य स्तरीय मतदाता आइकन श्री चित्रसेन साहू ने आयोग के प्रयासों का उल्लेख करते हुए इसे दिव्यांग मतदाताओं के लिए बहुत कारगर कदम बताया। उन्होंने अपने अनुभवों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब मतदान करना सही मायनों में उत्सव हो गया है। पहले मतदान केन्द्र तक जाना और कतार में खड़े होकर मतदान करना दिव्यांगों के लिए बड़ी समस्या होती थी।

निर्वाचन आयोग द्वारा बीते कुछ वर्षों में सुगम निर्वाचन के लिए जो प्रयास किए गए हैं, वो अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आयोग के इन प्रयासों के कारण शत-प्रतिशत दिव्यांग मतदाता मतदान करने के लिए आगे आएंगे। संगोष्ठी में जिला स्तरीय मतदाता आॅइकॉन पृथ्वी राज ने सक्षम एप की उपयोगिता का उल्लेख किया। उन्होंने इसे दिव्यांगों के लिए हाइटेक सुविधा बताते हुए अधिक से अधिक प्रसारित करने की बात कही। संगोष्ठी के दौरान दिव्यांग मतदाताओं के समक्ष इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सक्षम एप के उपयोग के संबंध में भी प्रस्तुति दी गई।

# निर्वाचन की तैयारी की समीक्षा, कलेक्टर ने दी तैयारियों की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगणों ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित निर्वाचन से जुडे अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले की सभी विधानसभा के व्यवस्था और निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे विषयों की जानकारी ली। प्रेक्षकों ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव को लेकर किये गये अब तक की तैयारियों की समीक्षा की।




इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे तथा विधानसभा रायपुर ग्रामीण क्रमांक-48 के प्रेक्षक रविन्द्र लक्ष्मण बिनवाडे (आई.ए.एस), विधानसभा क्रमांक-49 रायपुर पश्चिम हेतु नियुक्त प्रेक्षक इसराइल वातरे लंगटी (आई.ए.एस), रायपुर उत्तर क्रमांक-50 हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती विमला आर (आई.ए.एस), विधानसभा क्रमांक-51 रायपुर दक्षिण हेतु नियुक्त प्रेक्षक डॉ.लक्ष्मीशा जी.(आई.ए.एस), आरंग क्रमांक-52 हेतु नियुक्त प्रेक्षक मीर तारिक अली (आई.ए.एस), अभनपुर क्रमांक-53 हेतु नियुक्त प्रेक्षक विष्णु प्रसाद मिश्रा (आई.ए.एस), उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर सहित सभी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य प्रभारी अधिकारी निर्वाचन उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भुरे ने बताया कि इस बार उत्तर और पश्चिम विधानसभा में महिला अधिकारियों को चुनाव संचालन का कार्य सौंपा जा रहा है। उन्हें पीठासीन अधिकारी मतदान दल में जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के तहत सहायक प्रेक्षकों की नियुक्ति,, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन दल, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी टीम, लेखा टीम, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन कर उन्हें कार्यों से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दे दिया गया है तथा सभी टीमें अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से कर रही है। सभी विधानसभा क्षेत्र में कंट्रोल रूम बनाया गया है और मुख्य कंट्रोल रूम कलेक्टोरेट मे बनाया गया है। जिसका नंबर भी जारी कर दिया गया है और आने वाले शिकायतों का जल्द निवारण हो रहा है।

एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। बैठक में ईव्हीएम, वीवीपैट का कमिशिनिंग सहित मतदान एवं मतगणना स्थल में की गई तैयारी, वाहन व्यवस्था, सीविजीएल एप्प के माध्यम से शिकायत पर कार्यवाही,पोस्टल बैलेट,मतदान केंद्र, सेक्टर अधिकारियों,पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी गई।

### मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**गरियाबंद।** जिले में स्वीप कार्यक्रम व चुनई तिहार 2023 अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव के नेतृत्व में जिले में विशेष अभियान संकल्प गरियाबंद निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन विविध मतदाता जागरूकता सम्बन्धी गतिविधिया सम्पादित की जा रही है। इसके तहत आज जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में अंतर महाविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# सामान्य व व्यय प्रेक्षकों ने किया स्ट्रॉन्ग रूम का अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुन्द।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बसना, सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा एवं महासमुंद और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक निलेश राउतकर और दोनों विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार तथा श्री जफर मलिक ने आज संयुक्त रूप से पिटियाझर स्थित मंडी परिसर में निर्मित स्ट्रॉन्ग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय के चारो नामांकन कक्ष सहित अन्य निर्वाचन कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा सरायपाली-39, बसना-40, खल्लारी-41 व महासमुंद-42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त टीम की जानकारी सहित अन्य आधारभूत जानकारियां दी गई।

तत्पश्चात सभी प्रेक्षकों द्वारा मंडी परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया गया। स्ट्रांग रूम में प्रेक्षकों द्वारा मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालय, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं, विधानसभा वार आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रेक्षकों ने कहा कि मतदान दलों को सामग्री वितरण के दौरान सुव्यवस्थित तरीके से मतदान सामग्रियों का वितरण किया जाए।

# भारत निर्वाचन आयोग ने दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

### वाहन, रैली, सभा, ध्वनि विस्तार यंत्र से प्रचार-प्रसार एवं अस्थाई कार्यालय की अनुमति 5 नवम्बर शाम 5 बजे तक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जारी दिशा-निर्देश अनुसार प्रचार-प्रसार हेतु अनुमति संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दी जाएगी। मतदान दिवस हेतु अधिकतम 3 वाहनों की अनुमति पृथक से ली जा सकती है। वाहन रैली में प्रत्येक 10 वाहन के बाद 100 मीटर का गैप रखना अनिवार्य है। जिले के लिए अनुमति जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रदेश के लिए अनुमति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी जाएगी। अस्थाई कार्यालय मतदान केन्द्र की परिधि से 200 मीटर की दूरी के बाहर ही खोले जायेंगे। अस्थाई कार्यालय में 4*8 फीट का बैनर-पोस्टर लगाया जा सकता है। शासकीय भूमि अथवा भवन पर कार्यालय नहीं खोले जा सकते है। वाहन, रैली, सभा, ध्वनि विस्तार यंत्र से प्रचार-प्रसार एवं अस्थाई कार्यालय खोले जाने की अनुमति 5 नवम्बर 2023 शाम 5 बजे तक रहेगी।

जारी निर्देशानुसार शासकीय व सार्वजनिक संपत्तियों पर प्रचार-प्रसार करना अथवा लिखना पूर्णत: निषिद्ध है। निजी संपत्ति पर मालिक की लिखित अनुमति से प्रचार सामग्री लगाई जा सकती है, जिसका विवरण अपने लेखे में देना होगा। इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रचार हेतु प्रचार की विषय वस्तु का परीक्षण एमसीएमसी राजनांदगांव से कराना एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रत्यके विधानसभा में अभ्यर्थी हेतु व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रूपए है। प्रत्येक अभ्यर्थी को अनुलग्नक ड़1 भाग क, ख, ग में निर्वाचन व्यय लेखे के रखरखाव हेतु रजिस्टर संधारित करना जरूरी है। लेखा संधारित करने के लिए एक अतिरिक्त निर्वाचन अभिकर्ता (लेखा) नियुक्त कर सकते हैं। प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रतीक चिन्ह आबंटन की तारीख से लेकर मतदान की तारीख के बीच नियत किए गए तिथियों में तीन बार लेखे का अवलोकन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लेखा दल से कराना अनिवार्य होगा। अभी तक 1 बार अभ्यर्थियों का लेखा जांच परीक्षण किया जा चुका है। मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र की परिधि के 200 मीटर के बाहर एक टेंट, 2 कुर्सी एवं टेबल तथा दो व्यक्ति के साथ मतदान सुविधा हेतु व्यवस्था की अनुमति रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त की जा सकती है। परिणाम घोषणा के बाद 30 दिवस के भीतर अनुलग्नक ड़ 2 एवं अनुसूचियां 1 से 11 तक में अंतिम व्यय लेखा शपथ पत्र (भाग-4) के साथ अनिवार्यत: जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

### लोकतंत्र के उत्सव में हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने जिला प्रशासन की अनूठी पहल

# मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से निकाली गई वाक द सिटी पैदल रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** लोकतंत्र के उत्सव में हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनूठी पहल करते हुए स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से वाक द सिटी पैदल रैली का आयोजन किया गया। हर एक व्यक्ति का मत महत्वपूर्ण है, यह संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए उमंग एवं उत्साह के साथ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बच्चों व खिलाडियों का कारवां निकला। वाक द सिटी कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री अमित कुमार सहित जिला कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूली बच्चों व खिलाडिय़ों ने कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से ठाकुर प्यारे लाल चौक, बजरंग चौक, संगम चौक, बख्तावर चाल से ममता नगर, भदौरिया चौक होते हुए वापस होकर कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन तक पैदल रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने कहा कि जिले के सभी नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए 7 नवम्बर 2023 को मतदान अवश्य करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने परिवारजनों, पड़ोसियों एवं सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। रैली में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु नारे भी लगाए गए। कलेक्टोरेट गार्डन (स्वीप गार्डन) में आयोजित कार्यक्रम में मैं भारत हूं... गीत का गायन भी किया और सभी ने मैं मतदान अवश्य करूंगा/करूंगी क्योंकि.... बोर्ड में हस्ताक्षर कर नागरिकों से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे, परियोजना अधिकारी साक्षरता रश्मि सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा स्कूली बच्चे व खिलाड़ी उपस्थित थे।






## खास खबर...



### फसल अमृत के हर पहलू पर रिसर्च करेगी कृषि विवि

मैनेजिंग ट्रस्टी से कुलपति गिरीश चंदेल ने की मुलाकात

**रायपुर ( ए )।** मनोहर गोशाला के मैनेजिंग ट्रस्टी अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने सोमवार को इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलपति गिरीश चंदेल से मुलाकात की। इस दौरान गोशाला की ओर से बनाए गए फसल अमृत पर विवि की ओर से किए जा रहे रिसर्च की जानकारी दी। अखिल जैन ने बताया, कुलपति ने फसल अमृत के हर पहलू पर रिसर्च का आश्वासन दिया। साथ ही खैरागढ़ स्थित मनोहर गोशाला में कामधेनु गोमाता सौम्या के दर्शन की इच्छा जाहिर की। इस दौरान फसल अमृत के रिसर्च डायरेक्टर विवेक त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।



### विशाल, हरितीमा व श्रेष्ठ-समाया बने टेबल टेनिस प्रतियोगिता के विजेता

**रायपुर ( ए )।** राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा केडिया स्टील कारपोरेशन के सहयोग से 28 से 29 अक्टूबर तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में आयोजित स्व. प्रदीप केडिया स्मृति- चतुर्थ रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2023 संपन्न हुयी। इस प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि सीनियर पुरुष एकल वर्ग में विशाल डेकाटे, सीनियर महिला एकल वर्ग में हरितीमा अग्रवाल, कैडेट (NDER-13) बालक एकल वर्ग में श्रेष्ठ मिश्रा तथा कैडेट (NDER-13) बालिका एकल वर्ग में समाया पांडे विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि चार्टर्ड एकाउंटेंट दीपक कुमार जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव विमल नायर थे। मंच पर राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक अरूण बावरिया उपस्थित थे।

### एम्बुलेंस में गूंजी जुड़वां बच्चों की किलकारी



**रायपुर ( ए )।** प्रदेश में संचालित 108 एंबुलेंस रविवार की दोपहर 12:30 बजे जुड़वां बच्चों की किलकारी से गूंज उठी। 108 के कर्मचारियों की सूझबूझ से गर्भवती महिला ने स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। मिली जानकारी के अनुसार आरडीए कालोनी बोरिया खुर्द निवासी लता यादव को प्रसव पीड़ा होने पर दोपहर में स्वजन ने डायल 108 के माध्यम से सूचना दी।

ईएमटी मलेश्वरी पटेल और पायलट ढलेश्वर साहू सूचनास्थल पर पहुंचे। महिला को एंबुलेंस में शिफ्ट कर हास्पिटल के लिए रवाना हुए। पचपेड़ी नाका पहुंचते ही लता यादव की प्रसव पीड़ा अत्याधिक बढ़ गई। इस दौरान बच्चे का सिर भी बाहर आने लगा था। पायलट ढलेश्वर ने गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा किया।

इसके पश्चात ईएमटी मलेश्वरी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ईआरसीपी के माध्यम से डाक्टर से संपर्क किया। डाक्टर की सलाह के अनुसार प्रसव प्रक्रिया स्वजन की सहमति से शुरू की। कुछ ही क्षणों पश्चात लता ने दो शिशुओं को जन्म दिया। बच्चों की किलकारी गूंजते ही स्वजन ने भी राहत की सांस ली। सुरक्षित प्रसव पश्चात मां और दोनों बच्चों को जिला अस्पताल कालीबाड़ी में भर्ती कराया गया, जहां पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023: अंतिम दिन कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

# रायपुर के सभी 7 विधानसभा सीटों से कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों ने भरा नामांकन, शक्ति प्रदर्शन भी किया

**रायपुर (श्रीकंचनपथ न्यूज।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। रायपुर जिले के 7 विधानसभा सीटों से सभी 7-7 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले कांग्रेस ने विशान नामांकन रैली निकाली। वहीं भाजपा के प्रत्याशियों ने भी शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनों ही पार्टी के प्रत्याशियों ने अपनी अपनी जीत का दावा किया। कांग्रेस प्रत्याशियों ने जहां से पांच साल के भूपेश सरकार के कार्यकाल को बेहतर बताया वहीं भाजपा प्रत्याशियों ने बदलाव की बात की।

## रायपुर में प्रत्याशियों ने भरा नामांकन, ढोल-नगाड़े के साथ सीएम भूपेश बघेल हुए शामिल



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को कांग्रेस प्रत्याशियों ने प्रदेश सहित रायपुर में भी नामांकन दाखिल किया। रायपुर जिले की 7 विधानसभी सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म भरे। कांग्रेस कार्यालय से कलेक्टोरेट परिसर तक कांग्रेस शक्ति प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। इस दौरान ढोल-नगाड़े के साथ सीएम भूपेश बघेल भी शामिल हुए। नामांकन दाखिल करने वालों में रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा, रायपुर उत्तर से कुलदीप जुनेजा, रायपुर दक्षिण से महंत रामसुंदर दास, रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, धरसीवा से छाया वर्मा, अभनपुर से धनेंद्र साहू शामिल रहे। विधायक विकास उपाध्याय अपनी पत्नी के साथ गुढ़ियारी मंगलम भवन से नामांकन फार्म भरने पहुंचे। पंकज शर्मा ने अपने समर्थकों के अपने घर बांसटाल से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। सभी प्रत्याशियों ने सीएम भूपेश बघेल के साथ कलेक्ट्रेट में जाकर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि लोगों को पता है कि बीजेपी वह सब नहीं करेगी जो कांग्रेस ने किया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि लोगों को केवल कांग्रेस पर भरोसा है।

## बीजेपी का शक्ति प्रदर्शन, सभी सीटों पर प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन बीजेपी ने रायपुर में जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। जिले की 7 विधानसभा सीटों पर बीजेपी प्रत्याशियों ने एक साथ नामांकन पर्चा दाखिल किया। पार्टी ने नामांकन रैली के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया। कलेक्टोरेट परिसर में भाजपा के सातों प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म दाखिल किए। सबसे पहले भाजपा के सभी प्रत्याशी रैली की शक्ल में अपने-अपने विधानसभा से भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर पहुंचे। जहां सभी 7 प्रत्याशी एक साथ रथ में सवार होकर रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी, जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल, भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित रैली की शक्ल में नामांकन दाखिल करने रवाना हुए। नामांकन दाखिल करने वालों में रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम से राजेश मूणत, रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण से मोतीलाल साहू, धरसीवा से अनुज शर्मा, आरंग से खूसवंत साहेब और अभनपुर से इंद्र कुमार साहू शामिल रहे।

# विचारों का शरीर पर गहरा प्रभाव पड़ता है: ब्रह्माकुमारी सविता



**रायपुर ( ए )।** राजयोग ऐसी साधना है जो हमारी सोच को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। एक सर्वेक्षण के अनुसार मनुष्य के मन में सारे दिन में पच्चीस हजार से लेकर तीस हजार तक विचार पैदा होते हैं। इन विचारों का हमारे शरीर पर बहुत सूक्ष्म और गहरा प्रभाव पड़ता है। आप कैसे दिखते हैं यह महत्वपूर्ण नही है, लेकिन आप कैसा सोचते हैं यह अधिक महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह विचार ही हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।

यह विचार ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर देखने के लिए आए शंकराचार्य इन्जीनियरिंग कॉलेज के बच्चों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। राजयोग- जीवन जीने का सर्वश्रेष्ठ तरीका विषय पर बोलते हुए उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थी जीवन वह स्वर्णिम काल होता है जबकि हम अपने भविष्य को संवार सकते हैं। इस बहुमूल्य समय को मोबाईल, इन्टरनेट और सोशल मीडिया में व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। बहुत ज्यादा इन बातों में व्यस्त रहने से हमारी एकाग्रता पर भी असर होता है। इलेक्ट्रानिक्स गेजेट्स का उपयोग सीमित होना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप सभी देश के उज्जवल भविष्य हो। सिर्फ आपके माता-पिता को ही नहीं बल्कि देश को भी आपसे बहुत अपेक्षाएं हैं। यह विद्यार्थी जीवन फिर से लौटकर नहीं आने वाला है। इसलिए अपने समय का सदुपयोग कर अपने भविष्य को संवारने के कार्य में लग जाना चाहिए। आपका भविष्य आपके हाथों में है। आप जैसा चाहो वैसा बन सकते हो। आपका लक्ष्य ऊंचा होना चाहिए। मोबाईल, टेलीविजन, सोशल मीडिया आदि क्षणिक आकर्षण की चीजें हैं। आगे चलकर जीवन में यह चीजें काम नहीं आने वाली हैं।

# रायपुर मंडल में 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह' का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंड़ल में रेलवे के प्रतिदिन के कार्यकलापों में पारदर्शिता को बरकरार रखने एवं रेल उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023तक किया जा रहा है।



इसी कड़ी मे सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई जिसमे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देने जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करने, ना रिश्वत लेने और ना ही रिश्वत देने, सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करने, अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाने की बात कही ताकि भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत बने । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्रा, बिलासपुर मुख्यालय के सतर्कता विभाग से डिप्टी चीफ विजिलेंस ऑफिसर तारेश मेश्राम सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन के अंतिम दिन 1245 नामांकन पत्र हुए दाखिल, अब तक 1219 अभ्यर्थियों ने भरे 1985 नामांकन पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए लिए कुल 1219 अभ्यर्थियों ने 1985 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। द्वितीय चरण के लिए आज नामांकन के अंतिम दिन कुल 1245 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।




उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए 17 नवंबर को कुल एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिसमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता और 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# मोनालिसा ने फिर पार कीं बोल्डनेस की सारी हदें, दिखाए हुस्न के जलवे



एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो उनका हर एक लुक लोगों के बीच वायरल होने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की बेहद खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भोजपुरी क्वीन मोनालिसा आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से इंटरनेट पर तबाही मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनके किलर लुक्स देखकर लोग दीवाने हो गए हैं। मोनालिसा ने अपने इस फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। खुले बाल, हाई हील्स, कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। वो अपना हर लुक फैंस के बीच शेयर कर उनका दिल मचल देती हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। मोनालिसा इंडस्ट्री की हॉट एक्ट्रेस में से एक हैं। वो अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक को लेकर काफी सुर्खियां बटौरती हैं।

# पॉल्यूशन के कारण आंखों में हो रही है जलन और खुजली तो जानें कैसे करें दूर?

**अक्टूबर के महीने में हवा की गुणवत्ता तेजी से खराब होने लगती है जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। बढ़ते प्रदूषण से सांस संबंधी तकलीफें और आंखों में जलन जैसी दिक्कतें होने लगती हैं। ज्यादातर लोगों को इस मौसम में आंखों में खुजली, जलन और लाली जैसी समस्याएं होने लगती हैं। यदि आप भी प्रदूषण के कारण आंखों की ऐसी ही समस्याओं से परेशान हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखकर इससे राहत पाई जा सकती है। आइए जानते हैं इससे राहत पाने के लिए क्या करें।**



## आंखों को पानी से धोएं

आंखों को ठंडे पानी से धोना प्रदूषण से होने वाली आंखों की जलन और खुजली से राहत दिलाने का एक प्रभावी तरीका है। प्रदूषण के कारण आंखों में जमा हुआ धूल-मिट्टी और अन्य कण आंखों को इरिटेट करते हैं। ठंडे पानी से आंखें धोने से ये कण बाहर निकल जाते हैं और आंखों को ताजगी मिलती है। दिन में 2-3 बार आंखों को ठंडे पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए।

## चश्मे का प्रयोग करें

चश्मे का प्रयोग प्रदूषण से आंखों की रक्षा करने का एक अच्छा तरीका है। चश्मे के ग्लास आंखों को प्रदूषण कणों से बचाते हैं। बाहर निकलते समय चश्मा पहन लेना बेहतर होगा चश्मे के ग्लास आंखों तक पहुंचने वाले प्रदूषण कणों को रोक देते हैं। इससे आंखों को काफी हद तक बचाया जा सकता है।

## लैपटॉप और फोन से बनाएं दूरी

मोबाइल, कम्प्यूटर, लैपटॉप या टीवी जैसी स्क्रीन डिवाइसेस का इस्तेमाल करने से आंखों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। पहले से ही प्रदूषण आंखों को प्रभावित कर रहा हो तो स्क्रीन टाइम कम करना बेहतर होता है। इसलिए, प्रदूषण वाले दिनों में मोबाइल/लैपटॉप का उपयोग कम से कम करें। टीवी देखने का समय भी कम कर दें। आंखों को आराम देने से प्रदूषण के कम होंगे।

## आंखों में आइस क्यूब का इस्तेमाल करें

आंखों पर आइस क्यूब इस्तेमाल करने से भी जलन की समस्या में राहत मिल सकता है। कॉटन के कपड़े में आइस क्यूब को रख लें, अब इससे आंखों की सिकाई करें। ऐसा करने से आंखों की परेशानी दूर हो सकती है।

# अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की द लेडी किलर का ट्रेलर रिलीज




अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की द लेडी किलर की घोषणा हुए लंबा वक्त हो गया था। फिल्म के ठंडे बस्ते में जाने की भी खबरें थीं। अब निर्माताओं ने सीधा फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, वो भी रिलीज के महज 5 दिन पहले। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म में भूमि और अर्जुन चूहे-बिल्ली का खेल खेलते नजर आ रहे हैं। दोनों पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी उत्तराखंड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर में बर्फ से ढके पहाड़ों के साथ प्यार, बेवफाई और अपराध की कहानी दिखाई दी। ट्रेलर में अर्जुन और भूमि के किरदारों के बीच एक अवैध संबंध दिखाया गया है, जिसके बाद कहानी में पुलिस की एंट्री होती है। कहानी एक कत्ल और उसकी गुत्थी सुलझाने पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन अजय बह्ल ने किया है। वह धारा 375 और बीए पास जैसी फिल्में बना चुके हैं।

फिल्म का निर्माण टी-सीरीज ने किया है। कुछ समय पहले खबर आई थी कि बजट की कमी के कारण फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है। भूषण कुमार ने फिल्म के लिए एक निश्चित बजट तय किया था, लेकिन अजय का खर्च काफी बढ़ गया था। हालांकि, उन्होंने फिल्म पर पूर्ण विराम नहीं लगने दिया और फिल्म की शूटिंग पूरी की। सिनेमाघरों के बाद फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। टीवी पर यह सोनी मैक्स पर दिखाई जाएगी।

फिल्म की घोषणा 2021 में हुई थी।इसका पोस्टर साझा करते हुए अर्जुन ने एक्स पर लिखा था, इसमें थ्रिल है, रोमांस है, भावना है, रहस्य है। आपके सामने प्रस्तुत है द लेडी किलर, एक रोमांचक रोंगटे खड़े करने वाली प्रेम कहानी और मेरा अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट। मेरे निर्देशक अजय बहल को मुझपर भरोसा दिखाने के लिए धन्यवाद। फिल्म के पोस्टर पर लिखा था, संदेह के कारण एक सांप अपनी ही पूंछ काट लेता है।

# शुगर के मरीज हैं तो नाइट शिफ्ट करने से कर लीजिए तौबा



डायबिटीज सबसे तेजी से बढ़ती बीमारी में से एक है। आजकल कम उम्र के लोग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। कुछ सालों में दुनिया में डायबिटीज तेजी से अपना पैर पसार रही है। भारत में भी डायबिटीज मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण अनहेल्दी लाइफस्टाइल और खराब खानपान है। रात में देर तक काम करने वालों यानी नाइट शिफ्ट वालों में भी डायबिटीज बहुत ज्यादा देखने को मिलती है। ऐसे लोग जिन्हें डायबिटीज की समस्या है, उन्हें तो रात में काम करने से तौबा करना चाहिए। क्योंकि उनका ब्लड शुगर लेवल बिगड़ सकता है। आइए जानते हैं इसे मैनेज करने क्या करना चाहिए।

## युवाओं में क्यों बढ़ रही शुगर की बीमारी

एक स्टडी में पाया गया है कि आईटी जैसी फील्ड्स में नाइट शिफ्ट आजकल आम हो गया है। यहां काम करने वाले यंग प्रोफेशनल्स में डायबिटीज का खतरा सबसे ज्यादा देखने को मिलता है। ज्यादा देर तक एक जगह बैठे रहने की आदत की वजह से यह बीमारी तेजी से बढ़ती है। चूंकि रात में जागकर काम करना होता है तो ऐसे लोग एक्सरसाइज और वर्कआउट भी नहीं कर पाते हैं, जिससे मोटापा भी तेजी से बढ़ जाता है। इस वजह से प्रीडायबिटीज का खतरा और टाइप 2 डायबिटीज का जोखिम ज्यादा बढ़ जाता है।

## रात में काम करने की समस्या

रात में काम करने वालों के शरीर का क्लॉक प्रभावित हो सकता है। इससे मेटाबॉलिज्म पूरी तरह बिगड़ जाता है। इसकी वजह से इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या पैदा हो सकती है। शरीर जब इंसुलिन को सही तरह से इस्तेमाल नहीं कर पाता है तो डायबिटीज की समस्या हो सकती है।

## नाइट शिफ्ट में डायबिटीज से बचने क्या करें

- लगातार एक ही जगह बैठने से बचें
- काम के बीच थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक लें और टहलें।
- डेस्क पर बैठे-बैठे ही योग और स्ट्रेचिंग करते रहें।
- पानी पीने में कोताही न बरतें।
- एल्कोहल और चीनी वाले ड्रिंक्स पीने से बचें।
- हरी सब्जियां, ताजे फल और स्प्राउट्स को खाने में शामिल करें।

# दीपिका पादुकोण का जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ मीम वायरल

## रणवीर सिंह ने किया कमेंट



पॉपुलर चैट शो कॉफी विद करण के सीजन 8 में अपने इंटरव्यू से एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने हलचल मचा दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ मीम बनाया, जो पहले ही वायरल हो चुका है।

मीम पर लिप सिंक करते हुए, एक्ट्रेस को कई मशहूर हस्तियों से रिएक्शन मिले, जिनमें रणवीर सिंह, करण जौहर, सान्या मल्होत्रा, वामीका गब्बी शामिल हैं।

एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेल्स पिच का वर्तमान में वायरल मीम बनाया, जहां एक महिला कुछ कपड़े बेचने की कोशिश कर रही थी और शब्दों का इस्तेमाल कर रही थी, सो ब्युटिफुल, सो एलिगेंट, जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ।

एक्टर रणवीर सिंह ने इस वीडियो पर कमेंट किया, हाहा।

डायरेक्टर करण जौहर ने लिखा, आई लव लव लव दिस।

वामीका गब्बी और सान्या मल्होत्रा ने दीपिका के वीडियो पर लाफिंग इमोजी सेंट किए।

हाल ही में, दीपिका को करण जौहर के टॉक-शो कॉफी विद करण सीजन 8 में रणवीर सिंह के साथ देखा गया था, जहां उन्होंने रिश्तों पर खुलकर बात की थी, जिससे कुछ विवाद पैदा हो गए।

दीपिका 2024 में सुपरस्टार प्रभास, मेगास्टार अमिताभ बच्चन, एक्ट्रेस दिशा पटानी और सुपरस्टार कमल हासन और दुलकर सलमान के साथ फिल्म कल्कि:2898 एडी से अपना तेलुगु डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।

# लाल सलाम पोंगल 2024 पर भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है



सुपरस्टार रजनीकांत अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित लाल सलाम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐश्वर्या ने इससे पहले धनुष को फिल्म 3 में निर्देशित किया था। लाल सलाम में विष्णु विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं, पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कपिल देव भी इस परियोजना का हिस्सा हैं।

एक रोमांचक घटनाक्रम में, निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म 2024 में पोंगल त्योहार के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज होगी, और उन्होंने इस अवसर को चिह्नित करने के लिए रजनीकांत और विष्णु विशाल की विशेषता वाला एक पोस्टर जारी किया है। लाल सलाम पर रजनीकांत का काम कुछ समय पहले पूरा हुआ था, और वह फिल्म में मुंबई के एक गैंगस्टर मोइदीन भाई की भूमिका निभा रहे हैं। बताया गया है कि यह फिल्म क्रिकेट और साम्यवाद के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें तेलुगु अभिनेत्री जीविता राजशेखर और निरोशा ने महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं। लाल सलाम का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है, जिसमें ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान संगीत संभाल रहे हैं। इस रोमांचक परियोजना पर अधिक अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहें।

# ईशा कोप्पिकर ने बॉलीवुड पर कसा तंज

**बॉलीवुड की खल्लास गर्ल उर्फ ईशा कोप्पिकर इन दिनों चर्चा में हैं। दरअसल, वह निर्देशक राम गोपाल वर्मा की वेब सीरीज कटप्पा से पर्दे पर वापसी कर रही हैं।इसके अलावा उनके पास अयालान नाम की एक तमिल फिल्म भी है, जो अगले साल पर्दे पर आएगी।हाल ही में ईशा ने अपनी वापसी से लेकर दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के अनुभव के बारे में भी बातें कीं। आइए जानते हैं क्या कुछ बोलीं ईशा।**



ईशा ने साउथ में काम करने के अनुभव पर कहा, दक्षिण भारतीय सिनेमा के कलाकार बहुत विनम्र और जमीन से जुड़े होते हैं। वे शायद ही कभी आपको भयभीत महसूस कराते हैं। मैंने कभी ऐसा महसूस नहीं किया। उन्होंने कहा, वे आपको बहुत सहज महसूस कराते हैं। उनसे मिलेंगे तो आपको यकीन नहीं होगा कि वे इतने बड़े सुपरस्टार हैं। वे बड़ी सादगी से पेश आते हैं। यह सब ऐसा है, जो हमें उनसे सीखना चाहिए।

जब ईशा से पूछा गया कि क्या वह कोई एक्शन फिल्म करना चाहेंगी तो उनका जवाब था, हमारी फिल्म अयालान के ट्रेलर को बहुत बढ़िया प्रतिक्रिया मिली है। ट्रेलर सामने आने के बाद मेरे पास एक से बढ़कर एक फिल्मों के प्रस्ताव आ रहे हैं। मुझे असंख्य प्रस्ताव मिल रहे हैं, लेकिन मैं फिलहाल कुछ भी खुलासा नहीं कर सकती। उन्होंने बताया, जल्द ही घोषणा करूंगी। हालांकि, ज्यादा नहीं, बल्कि बढ़िया काम करना मेरी प्राथमिकता है।

ईशा ने बातचीत में बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का हिस्सा भी बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक फिल्में बड़ी होती हैं। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करना चाहती हूं। मेरे पास कोई एजेंट नहीं है, लेकिन मैं निश्चित रूप से वहां अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी व्यक्ति की तलाश में हूं। मेरी बेटी मुझे वंडर वुमन कहती है। मुझे लगता है कि मुझे जल्द ही विश्व स्तर पर काम करना चाहिए और उसकी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहिए।

ईशा नवंबर, 2009 में एक जाने-माने होटल व्यवसायी टिम्मी नारंग के साथ शादी के बंधन में बंधी थीं। उनकी मुलाकात प्रीति जिंटा ने करवाई थी। उनकी बेटी रिआना 8 साल की है, जिसके साथ ईशा अमूमन अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं।

ईशा की पहली हिंदी फिल्म फिजा थी। यह फिल्म साल 2000 में आई थी। इसमें करिश्मा कपूर और ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में थे। ईशा ने इसमें एक छोटी सी भूमिका की थी। उन्होंने डरना मना है, कयामत, दिल का रिश्ता, पिंजर, मैंने प्यार क्यों किया, डॉन और कृष्णा कॉटेज सहित बॉलीवुड की कई सफल फिल्मों में काम किया। हालांकि, ईशा को बचके तू रहना, खल्लास और इश्क समंदर जैसे गानों के लिए खूब प्यार मिला।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### सरकार बनी तो महतारी न्याय योजना भी होगी शुरू

# प्रियंका गांधी ने किया मुफ्त बिजली व महिला समूहों की कर्ज माफी का वादा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ में चुनावी घमासान के बीच सोमवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने खैरागढ़ में चुनावी सभा ली। खैरागढ़ विधानसभा के जालबांधा में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कई वादे किए। खासकर मुफ्त बिजली व महिला समूहो की कर्ज माफी तथा महातारी न्याय योजना शुरू किए जाने की घोषणा प्रमुख है। सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, खैरागढ़ कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



चुनावी सभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रदेश में दूसरी बार कांग्रेस की सरकार बनने पर महतारी न्याय योजना लागू की जाएगी।

प्रियंका गांधी ने कहा कि 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी, महिला समूह के ऋणों को माफ किया जाएगा, 100 नये ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनेंगे, सड़क दुर्घटना और आकस्मिक दुर्घटनाओं में छत्तीसगढ़ निवासियों को निशुल्क स्वास्थ्य की सुविधा मिलेगी। परिवहन व्यवसाय से जुड़े 6000 से अधिक वाहन मालिकों के 2018 तक के बकाया कर्ज माफ किया जाएगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर से सरकार बनते ही सभी वादे पूरे किए जाएंगे।

#### केन्द्र सरकार पर हमला, सीएम बघेल की तारीफ

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आप लोग गलती से भी गलत फैसला मत लीजिए। देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। प्रियंका ने कहा कि छत्तीसगढ़ तरक्की कर रहा है। सीएम बघेल ने प्रदेश की जनता का मान बढ़ाया है। सीएम बघेल की तारीफ करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि सीएम कई राज्यों के प्रभारी के रूप में काम किया हैं। वो कहीं भी रहें लेकिन उनको प्रदेश की जनता की चिंता हमेशा सताती रहती है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि सीएम बघेल किसान के बेटे हैं वो किसानों, गरीबों की समस्या को अच्छे से जानते हैं और गरीबों के कल्याण के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि केन्द्र की सरकार देश और प्रदेश की संपत्ति को छीन रही है। भूपेश बघेल ने प्रदेश की संपत्ति को जनता को वापस देने का काम किया है। केन्द्र सरकार उद्योगपतियों का भला करने में जुटी है। केन्द्र सरकार को गरीबों से कोई लेना देना है। प्रियंका गांधी ने कहा कि गुजरात मॉडल फेल हो चुका है। अब हर तरफछत्तीसगढ़ मॉल की चर्चा हो रही है। सीएम बघेल की अगुवाई में प्रदेश तरक्की कर रहा है।

प्रियंका गांधी ने कहा छत्तीसगढ़ का मॉडल गुजरात मॉडल से भी अच्छा है, वह तो दिखावे का मॉडल था, लाखों किसानों को करोड़ों रुपए की सब्सिडी दी गई है, लाखों किसानों का कर्ज माफ किया गया है, बिजली बिल आधा किया है, वन उपज के जरिए आय बढ़ाई गई, मिलेट के बड़े-बड़े प्रोडक्शन के प्लांट लगाए गए, बस्तर जो हिंसा के लिए जाना जाता था आज अपने मिलेट के लिए जाना जा रहा है। अपनी संस्कृति के लिए जाना जा रहा है इतने सारे बड़े-बड़े काम किए हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि हमने जो भी वादे किए उसे पूरा किया है।

## हम जहां रहते हैं, वहां का भी इतिहास जानना जरूरी:रवि



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** साहित्य सृजन परिषद, भिलाई ने आदि कवि वाल्मीकि जयन्ती और शरद पूर्णिमा के प्रसंग पर दो सत्रों में साहित्यिक समारोह का आयोजन रविवार 29 अक्टूबर की दोपहर बैकुण्ठधाम (शिव मन्दिर) मड़ोदा जलाशय नेवई,भिलाई के साहित्यिक मंच पर किया। पहले सत्र में लेखक एवं पत्रकार मुहम्मद ज़ाकिर हुसैन की भिलाई के इतिहास पर लिखित पुस्तक 'वोल्गा से शिवनाथ तक' पर परिचर्चा हुई। शुरुआत में आदि कवि वाल्मीकि और मां सरस्वती को सभी अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित की और दीप प्रज्वलित किया। इसके उपरांत स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम संयोजक एवं साहित्य सृजन परिषद के अध्यक्ष एन.एल.मौर्य 'प्रीतम' ने आयोजन के उद्देश्य पर रोशनी डाली। लेखक का परिचय परिषद की कोषाध्यक्ष माला सिंह ने दिया।

प्रमुख वक्ता के तौर पर उपस्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा कि भिलाई पर समग्र रूप में हिंदी में यह पहली पुस्तक है। उन्होंने कहा कि हम दुनिया जहान को जरूर जानें लेकिन हम जहां रहते हैं उसके आसपास के इतिहास और महत्व को भी जानना चाहिए। उन्होंने इस किताब का उल्लेख करते हुए कहा कि भिलाई की स्थापना के शुरुआत का संघर्ष का वह दौर सभी को जानना चाहिए। उन्होंने लेखक मुहम्मद जाकिर हुसैन को अपना प्रिय छात्र बताते हुए भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के कई प्रमुख छात्रों का विशेष रूप से उल्लेख भी किया।

## खास खबर

### मतदान सामग्री वितरण के लिए बनाया गया केन्द्र

**राजनांदगांव।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियां जारी है। मतदान तिथि 7 नवम्बर 2023 के लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विधानसभावार मतदान सामग्री वितरण के लिए केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दलों को 6 नवम्बर 2023 को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। जिले में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 173 है, जिसके लिए स्वामी आत्मानंद हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगढ़ को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 252 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 192 है, जिसके लिए डॉ. बीआर अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के मतदान केन्द्रों की संख्या 97 है, जिसके लिए स्टेट वेयरहाऊस पिपरिया खैरागढ़ में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। इसी तरह मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के मतदान केन्द्रों की संख्या 69 है, जिसके लिए शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला को मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण की जाएगी।

### व्यय प्रेक्षक ने व्यय लेखा टीम की बैठक लेकर निष्पक्ष एवं सजगता पूर्वक कार्य करने दिए निर्देश

**महासमुन्द।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त ज़िले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 सरायपाली (अनुसूचित जनजाति) व बसना-40 के व्यय प्रेक्षक श्री योगेश कुमार शर्मा व महासमुंद-42 व खल्लारी-41 के व्यय प्रेक्षक नीलेश राउतकर ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में व्यय लेखा टीम की बैठक ली। व्यय प्रेक्षक श्री शर्मा व श्री राउतकर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होने निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकार्डिंग आदि करने कहा। ताकि लेखा टीम को गणना करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी का रजिस्टर व शैडो रजिस्टर बेमेल न हो। उन्होंने शैडो रजिस्टर को सही तरीके से अद्यतन करने के निर्देश दिए। बैठक में लाइजनिंग अधिकारी सनत कुमार साहू, अब्दुल वहीद खान, लेखा अधिकारी श्रीमती मधुरिमा बंजारे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## एनआईटी रायपुर ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निदेशक (प्रभारी) डॉ. ए.बी. सोनी रही। रजिस्ट्रार, एनआईटी रायपुर, डॉ. पी. वाई. ढेकने, डीन (संकाय कल्याण) डॉ. डी. सान्याल, डीन (छात्र कल्याण) डॉ. नितिन जैन, प्रमुख, कैरियर डेवलपमेंट सेंटर (सी.डी.सी.), डॉ. समीर बाजपेयी, सहित सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और कर्मचारी इस दौरान उपस्थित रहे ।

यह कार्यक्रम एनआईटी रायपुर की मुख्य सतर्कता अधिकारी (चीफ विजिलेंस ऑफिसर) डॉ. स्वस्ति स्थापक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है 7 इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुई। फिर डॉ. स्वस्ति स्थापक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और पूरे सप्ताह आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंनेइस दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह के महत्व पर भी प्रकाश डाला इसके बाद डॉ. ए.बी. सोनी ने रिश्वतखोरी का विरोध करते हुए और हितधारकों के हितों को सुनिश्चित करते हुए, भ्रष्टाचार से लड़ने, नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं, पारदर्शिता और कर्मचारी नैतिकता को बढ़ावा देने के लिए सभी सदस्यों को भ्रष्टाचार का विरोध करने हेतु आमंत्रित करते हुए एक अखंड प्रतिज्ञा दिलवाई। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान जन गण मन के गायन के साथ हुआ। पूरे सप्ताह चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत कई दिलचस्प कार्यक्रम होंगे जैसे छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए 31 अक्टूबर 2023 को निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा भिलाई स्टील प्लांट के सहायक मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. कर द्वारा भ्रष्टाचार के प्रति सतर्कता बरतने हेतु आकर्षक व्यक्तव्य दिया जाएगा।

## मतदान अधिकारी मतदान दल के आधार पर समूह में मिलकर एक साथ प्रशिक्षण करें प्राप्त - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित मतदान कर्मचारियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतदान अधिकारी मतदान दल के आधार पर समूह में मिलकर एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने मतदान दल के कर्मचारियों को एक साथ बैठकर प्रशिक्षण से संबंधित सभी जानकारी समझने कहा।



उन्होंने ईव्हीएम और वीवीपैट के संचालन की गतिविधियों के तकनीकी जानकारी को अच्छे से समझने कहा और प्रेक्टीकल कर देखने भी कहा, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यानपूर्वक सुनें एवं अमल में लाएं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा। उन्होंने मतदान कराने में होनी वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में अच्छे से जानकारी मास्टर ट्रेनर्स को देने कहा।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतदान केन्द्र पर की गई व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ वहां पर नियुक्त कर्मचारियों को निष्पक्ष, सजग और कार्यकुशल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार की आशंका होती है तो उसे जरूर प्रश्न करें उसका समाधान किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी मतदान अधिकारियों को पोस्टल बैलेट पेपर प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी पोस्टल बैलेट पेपर प्राप्त कर लें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने के लिए कहा ताकि दिक्कत न हो। इस दौरान उन्होंने मतदान अधिकारियों के डाक मत पत्र के लिए बनाए गए सुविधा केन्द्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 77वीं पुरुष एवं 16वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे बॉक्सिंग प्रतियोगिता

# 200 से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया भाग शानदार खेल का किया प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** 77वीं पुरुष एवं 16वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के बॉक्सिंग स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें कुल मिलाकर 222 खिलाड़ियों एवं ऑफिशल ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने बिलासपुर रेलवे में आकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा 52 ऑफिशल की नियुक्ति की गई थी जिन्होंने खेल को सुचारू रूप से चलाया।

प्रतियोगिता में विभिन्न रेलवे के द्रोणाचार्य अर्जुनवाड़ी एवं कई ओलंपियन इस प्रतियोगिता में उपस्थित हुए । सोमवार को अखिल भारतीय बॉक्सिंग रेल प्रतियोगिता का समापन समारोह सायं 4.30 बजे आयोजित किया गया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय महाप्रबंधक आलोक कुमार जी रहे। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक वीके साहू सहित



रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष मुरलीधर मधुर प्रधान मुख्य वित्त प्रबंधक एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के महासचिव संदीप महेश्वरी एवं क्रीड़ा अधिकारी तन्मय महेश्वरी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

#### दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन

पुरुष वर्ग में 13 गोल्ड महिला वर्ग में 11 गोल्ड की तरह पुरुष वर्ग में 13 सिल्वर मेडल एवं महिला वर्ग में 11 सिल्वर मेडल खिलाड़ियों ने प्राप्त किया, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को तीन स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ पहला पदक 48 किलोग्राम में एस कलाई वानी, दूसरा स्वर्ण पदक 57 किलोग्राम में पूनम को, तीसरा स्वर्ण पदक 70 किलोग्राम वर्ग में लाशू यादव को प्राप्त हुआ । तीसरा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ को तीन गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ।

#### सभी खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल्स को बधाई

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक ने आए हुए सभी खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल्स को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जीते हुए खिलाड़ियों को और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी । फाइनल मुकाबले में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 45 से 48 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर जोन की एस कलाईवानी और ईस्टर्न रेलवे की मंजू रानी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें बिलासपुर रेलवे की एस कलाईवानी ने जीत हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

#### दिनेश सिंह डागर ने जीता गोल्ड मेडल

इसी तरह पुरुष वर्ग में भी 67 से 71 क मुकाबले में उत्तर पश्चिम के दिनेश सिंह डागर ने गोल्ड मेडल और एवं दक्षिण पूर्व रेलवे के बंटी सिंह ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में नॉर्दर्न रेलवे दिल्ली की टीम बॉक्सिंग चैंपियन रही। दूसरे स्थान पर मध्य रेलवे मुंबई तीसरे स्थान पर ईस्टर्न रेलवे कोलकाता। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रही नॉर्दर्न रेलवे दिल्ली, दूसरे स्थान पर ईस्टर्न रेलवे कोलकाता। तृतीय स्थान पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर की टीम रही। इन मुकाबलों के रेफरी महिला वर्ग में दीप माला एवं मुख्य निर्णायक के तौर पर आर राजू रहें। दक्षिण पर मध्य रेलवे खेल संघ के बॉक्सिंग प्रशिक्षक के रूप में लेस्टर स्मिथ । सहायक प्रशिक्षक जूट रॉड्रिक्स सहायक प्रशिक्षक वाई नागु राव टीम प्रबंधक के रूप में एम कृष्णा नियुक्त किए गए थे। मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं वरिष्ठ नागरिक, उपस्थित रहे।

## पुरंदर मिश्रा के नामांकन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता हुए उपस्थित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी फाफ डीह मंडल अध्यक्ष गोरेलाल नायक के नेतृत्व में हजारों की संख्या में मंडल व कार्यकर्ता समिलित होकर रायपुर उत्तर विधानसभा के प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा के नामांकन हेतु भव्य ढोल बाजा कीर्तन और ओडिशा के पारंपरिक नृत्य के साथ शोभायात्रा (रैली) के माध्यम किया गया जिसके लिए मंडल के वरिष्ठ गण गरिमामई उपस्तिथि में अध्यक्ष गोरेलाल नायक आप सभी छाया पार्षद पूर्व पार्षद प्रदेश व जिला सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महिला मोर्चा की बहने एवम सभी सम्मानित कार्यकर्ता बधु आप सभी की उपस्तिथि में यह कार्यक्रम सफ़लता पूर्वक संपन्न हुआ जिसके लिए मैं गोरेलाल नायक आपका ह्रदय पूर्वक आभार प्रकट करता हु।



















## खास-खबर



### रायपुर में चोरों का आतंक, सूने मकान से जेवर व नकदी पार दो दिन में हुई दो वारदात

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में लगातार चोर सूने मकानों को अपना निशाना बना रहे हैं। दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। कबीर नगर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

पीड़िता रिंकी साहू के मुताबिक वे कबीर नगर की रहने वाली हैं। वर्तमान में रूंगटा इंजीनियरिंग कालेज भिलाई में स्टूडेंट वेलफेयर डिपार्टमेंट में काम करती है। रविवार की दोपहर तीन बजे के करीब अपनी बेटी के साथ दीपावली की शापिंग करने बाजार गई थी। उनके पति भी घर में मौजूद नहीं थे। जब वे शाम साढ़े आठ बजे घर लौटीं तो देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था।

जानकारी के मुताबिक, पीड़िता के घर पर चोर छत के रास्ते से आया। घर की छत पर दरवाजे में अंदर से कुंडी बंद थी। चोरों ने लकड़ी के दरवाजे को ही बीच से पूरा तोड़ दिया, फिर उसने घर की तलाशी ली। पूरा सामान बिखेर दिया। कमरों में रखे आलमारी का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये नकद समेत सोने और चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित महिला के घर से एक सोने का हार, सोने की अंगूठियां, झुमका, कान की चेन समेत चांदी के कोई अन्य सामान पर चोरों ने हाथ साफ किया है। पुलिस ने इन गहनों की कीमत पुराने गहने के आधार पर 40 हजार रुपये आंकी है। कबीर नगर के मकान नंबर केबीटी-12, 46 में बीते दो दिन में चोरी की वारदात हुई। स्थानीय लोगों ने चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेने के साथ-साथ पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की, जिससे चोरी की घटनाएं रुक सकें।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाहीः सैकड़ों लीटर कच्ची महुआ शराब और लहान जब्त

**कसडोल (ए)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कसडोल में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्यवाही की। कुम्हारी और हसुवा से 275 लीटर कच्ची महुआ शराब और 200 किलो महुआ लाहन जप्त किया और उसे नष्ट कर दिया है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

वहीं आबकारी विभाग की एक और टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दतरेंगी गांव भाटापारा थाना क्षेत्र के एक मकान और घर पर पुलिस ने दबिश दी। तलाशी लेने पर आरोपी ऊदल यादव, पिता खेलावन यादव (20 वर्ष) के पास से 50 पौवा गोवा शराब बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्यवाई में जुट गई है।

# आधी कीमत में डस्टर कार दिलाने का दिया झांसा, पटवारी से ठग लिए 7.50 लाख रुपए

## शिकायत पर कोरबा की पाली थाना पुलिस ने अपराध कर शुरू की जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पटवारी से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ने आधे रेट पर डस्टर कार दिलाने का झांसा दिया और पटवारी से 7.50 लाख रुपए ठग लिए। रुपए लेने के बाद पटवारी को न तो डस्टर कार मिली और न ही उसके रुपए वापस हुए। कई चक्कर लगाने के बाद भी पटवारी को डस्टर कार नहीं मिली। आखिर में पटवारी पुलिस के पास पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पटवारी की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला कोरबा जिले के पाली थाना क्षेत्र का है।




मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना के चैतमा अंतर्गत नवाखुर्द गोपालपुर का निवासी दीपक कुमार ग्राम बतरा हल्का नंबर- आठ में पटवारी के पद पर पदस्थ है। दीपक ने बताया कि अपनी रेनाल्ट कार क्रमांक सीजी 12 एजेड 6585 का दरवाजा क्षतिग्रस्त होने पर बीमा क्लेम कर रिपेयरिंग कराने के लिए मार्च 2023 में सिरगिट्टी बिलासपुर के रेनाल्ट शो-रूम गया था। वहां उसका परिचय अंशुल बाजपेयी से हुआ, तब बाजपेयी ने खुद को शो-रूम का एडवाइजर बताया। उसने बीमा क्लेम दिलवाने के नाम पर 50 हजार रुपए मांगा, इस पर उक्त राशि का भुगतान किया गया।

इसके दो दिन बाद अंशुल ग्राम नवाखुर्द में उसके घर पहुंचा और कंपनी की स्कीम बताई। इसमें उसने 14.50 लाख की डस्टर कार मात्र आठ लाख रुपये में दिलाने की बात कही। पटवारी दीपक को स्कीम लग गई। इसके लिए एक लाख 85 हजार रुपए नगद एवं पांच लाख 65 हजार रुपए 20 मार्च से 27 मई 2023 के मध्य अंशुल के फोन पे नंबर पर 14 किश्तों में दिया। इसके बाद एक जून 2023 तक डस्टर कार मिल जाने का आश्वासन अंशुल ने दिया था, लेकिन अभी तक न तो कार मिली और न ही रुपए वापस किया गया। ठगी का आभास होने पर पटवारी दीपक ने चैतमा पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने इस पर वाजपेयी के विरुद्ध धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### क्रेडिट कार्ड के चक्कर में गंवाए 3.75 लाख

एक अन्य मामले में यहां का एक शख्स क्रेडिट कार्ड के चक्कर में 3.75 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गया। उरगा थाना अंतर्गत ग्राम गिधौरी निवासी साधराम रजक को 25 अक्टूबर को मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन कर एसबीआई का क्रेडिट कार्ड बंद होने और चार्ज बढ़ते जाने की बात कही। इसके साथ ही उसने इससे बचने के लिए मोबाइल में एनीडेस्क एप्लीकेशन लोड करवाया। साथ ही बताया कि एप्लीकेशन लोड करने से उसे पांच हजार रुपये की बचत होगी। एप्लीकेशन डाऊनलोड करते ही साधराम के खाता से तीन लाख 75 हजार रुपये कट गए। साधराम ने इसकी जानकारी सायबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 टोल फ्री नंबर पर काल कर दी, तब उन्हें बताया गया कि 48 घंटे में पैसा वापस आ जाएगा, पर राशि वापस नहीं आई। इस पर साधराम रजक ने उरगा थाना में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## टेक्निकल फॉल्ट के कारण बीच रास्ते में अटक गई रोपवे की ट्रॉली हवा में लटकी श्रद्धालुओं की सांसे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए गए श्रद्धालुओं की सांसे हवा में लटक गई। दरअसल सोमवार को मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए गए कुछ श्रद्धालु रोप वे से पहाड़ी पर चढ़ रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते में रोप वे की ट्रॉली फंस गई। ट्रॉली के बीच रास्ते में फंसने से उसमें बैठे यात्रियों में दहशत मच गई। लगभग 40 मिनट तक यह स्थिति रही और उसके बाद ट्रॉली को सकुशल नीचे उतारा गया। इसके बाद श्रद्धालुओं की जान में जान आई।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रोपवे की सुविधा दी गई है। रोपवे में बैठकर श्रद्धालु माता का दर्शन करने मंदिर जाते है। सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब रोपवे की ट्रॉली आचानक बीच रास्ते में अटक गई। तकनीकी खामी के कारण रोपवे की ट्रॉली हवा में लटकी रही। इस दौरान ट्रॉली में 6 से 8 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही ट्रॉली फंसी तो वहां की टेक्निकल टीम ने काम शुरू किया और लगभग 40 मिनट की मशक्कत के बाद ट्रॉली को फिर से नीचे उतार लिया गया। सकुशल नीचे उतरने के बाद ट्रॉली में सवार लोगों ने राहत की सांस ली।

### निगरानी दलों की कार्रवाई

# अब तक 38.35 करोड़ रुपए की नगदी व सामान जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 29 अक्टूबर तक की स्थिति में 38 करोड़ 34 लाख रुपए से अधिक की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें दस करोड़ 11 लाख रुपए की नगद राशि भी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 29 अक्टूबर तक 30 हजार 840 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 90 लाख 87 हजार 532 रुपए है। सघन जांच अभियान के दौरान 14 करोड़ 82 लाख 76 हजार रुपए कीमत के 184 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत नौ करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक है, भी जब्त की गई हैं।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जांच की कार्यवाही लगातार जारी है।

# कोरबा में चुनाव के दौरान 9 हजार साड़ियों से भरा ट्रक जब्त, मतदाताओं को लुभाने की कोशिश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस का एक्शन जारी है। इसी बीच कोरबा में पुलिस ने साड़ियों से भरा एक ट्रक जब्त किया है। इस ट्रक में लगभग 23 लाख रुपये का सामान बताया जा रहा है। जब्त ट्रक के बारे में पुलिस जानकारी जुटाई जा रही है। आखिर यह साड़ी किसने मंगवाई थी और इसका मालिक कौन है।

कोरबा जिले की उरगा पुलिस ने बीती रात जांच के दौरान एक ट्रक को रोक का और जब पीछे जाकर देखा तो पाया की ट्रक पूरी साड़ी से भरी हुआ है। ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम 1895 को रोक कर जब उसकी जांच की गई तो ट्रक में 9000 साड़ी भरी मिली। ट्रक चालक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने और आवश्यक कागजात न दिखा पाने की वजह से साड़ियों को जब्त कर लिया गया हैं। पुलिस को संदेह है कि यह साड़ियां चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभित करने के लिए बांटे जाने के उद्देश्य से मंगाई गई थी। बहरहाल, पुलिस ने धारा 102 के तहत गाड़ी और साड़ी दोनों को जब्त कर लिया है।




# दुर्ग पुलिस की कार्रवाईः जांच के दौरान मिला 4 लाख से ज्यादा का कैश, पुलिस ने किया जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों में विशेष जांच की जा रही है। इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों में जांच कर 4 लाख से ज्यादा का कैश बरामद किया गया है। दोनों ही मामलों में कैश को लेकर कोई जानकारी नहीं देने पर पुलिस ने जब्त कर लिया है।

पहले मामले में जांच के दौरान नेवई थाना क्षेत्र में एक्टीवा क्रमांक सीजी 07 एलयू 4899 की जांच की गई। एक्टिवा मरोदा निवासी पवन कुमार चला रहा था। एक्टिवा से 500, 200, 100, 50 रुपए के कुल 1,98,050 बरामद किया गया। उक्त रकम को लेकर पवन कुमार कोई जानकारी नहीं दे पाया। पुलिस ने एक्टिवा व कैश को जब्त कर लिया है।



दूसरे मामले में अहिवारा एफएसटी टीम में सोमवार की शाम 17.20 बजे चेकिंग के दौरान सिरसा भिलाई 03 के पास दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 सी. ई. 1596 चालक कमलेश कुमार पिता शिवनंदन लाल निवासी भिलाई 03 के वाहन से 2,50,000 रुपए बरामद किए। इसमें 500 रुपए के 300 नोट एवं 200-200 के 500 नोट जुमला 2,50,000 रुपए जप्त किया गया है। जिससे रकम के संबंध में पूछताछ किया जो उक्त व्यक्ति ने बताया कि वह शुभकामना ज्वेलर्स भिलाई 03 में कार्य करता है। उक्त राशि को बैंक में जमा करने ले जाने की बात बताई लेकिन सही जानकारी नहीं दे पाया। मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने रकम जब्त कर लिया है।

# दुर्ग पुलिस ने जब्त किए ट्रक में भरे लाखों के चादर, बिना किसी दस्तावेज के हो रहा था परिवहन

श्रीकंचनपथ न्यूज


**भिलाई।** चुनावी माहौल में दुर्ग पुलिस द्वारा लगातार सामान के अवैध परिवहन पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में जेवरा सिरसा चौकी और एसएसटी ने मिलकर लाखों रुपए के चादर जब्त किए हैं। दरअसल चादर जिस ट्रक से लाया जा रहे थे उनके संबंध में किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं सके। जेवरा पुलिस ने पूरे चादर जब्त कर लिए। जब्त चादरों की कीमत 15 लाख रूपए बताई जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार रविवार को जेवरा सिरसा चौकी के सामने लगाए गए एसएसटी प्वाइंट पर एक ट्रक क्रमांक यूपी 78 डीएन 0951 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में उसमें भारी मात्रा में चादर मिले। ट्रक चालक से उन चादरों के संबंध में पूछताछ करने पर वह कोई भी दस्तावेज नहीं दे सका। इसके बाद जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने चादरों को जब्त कर लिया है। जब्त चादरों की कीमत करीब 15 लाख रुपये आकी गई है। फिलहाल अभी चादरों की खरीदी और परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग



शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER



कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

